ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 09 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-294 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00


नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'हड्डी' ओटीटी ... पेज 10 पर




## उद्घाटन समारोह

## झारखण्ड आदिवासी महोत्सव 2023

समृद्ध आदिवासी जीवन दर्शन की झलकियां



मुख्य अतिथि
**श्री शिबू सोरेन**
माननीय **अध्यक्ष, राज्य समन्वय समिति**
सह **सांसद, राज्यसभा**

अध्यक्षता
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय **मुख्यमंत्री, झारखण्ड**

9 अगस्त 2023
समय: अपराह्न 12:00 बजे से
**बिरसा मुण्डा स्मृति उद्यान, रांची**

### मुख्य आकर्षण

**जनजातीय इतिहास, साहित्य, मानवशास्त्र आदि पर संगोष्ठियां**
आदिवासी अर्थव्यवस्था, आदिवासी इतिहास, आदिवासी ज्ञान और मानवविज्ञान, आदिवासी साहित्य

**सांस्कृतिक कार्यक्रम**
आंध्र प्रदेश का कोम्मु कोया नृत्य
ओडिशा का परोजा नृत्य
राजस्थानी वालार नृत्य
केरल का पालियन नृत्य
सरायकेला का छऊ नृत्य
नागपुरी लोक नृत्य
पाइका नृत्य
उरांव समुदाय का लोक नृत्य
गोंड आदिवासी समुदाय का किहो नृत्य
कर्नाटक का दमनी लोक नृत्य
अरुणाचल प्रदेश का रेखम पड़ा नृत्य
असम का का लेवा टाना एवं बिहू नृत्य
गुजरात का सिद्धी धमाल नृत्य

**राष्ट्रीय आदिवासी चित्रकला शिविर**
गोंड पेंटिंग, वारली पेंटिंग, सउरा पेंटिंग और झारखण्ड की समकालीन पेंटिंग

**आदिवासी फिल्म महोत्सव**
कैमरा से कविताई

**परिधान फैशन शो**
आदिवासी परिधान का प्रदर्शन

**खान-पान**
आदिवासी व्यंजन

PR No. 304244 (IPRD) 2023-24
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## NEWS इन ब्रीफ

### जपला मुख्य डाकघर में 10 हजार झंडा उपलब्ध

**हुसैनाबाद।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष भी हर घर तिरंगा, घर घर तिरंगा कार्यक्रम का आह्वान किया है। इसी क्रम में डाक विभाग ने जपला मुख्य डाकघर को 10 हजार झंडा उपलब्ध कराया है। इस सम्बंध में अरविन्द कुमार ओझा ने बताया कि 25 रुपये देकर डाकघर के काउंटर से झंडा खरीद कर 13 अगस्त से 15 अगस्त तक अपने- अपने घरों, प्रतिष्ठानों, विद्यालयों एवं सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में अवश्य लगायें। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि अपने- अपने क्षेत्र में इस कार्यक्रम का ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कराया जाये। ताकि इसे सफल बनाया जा सके।

### मुखिया सहित तीन पर दुष्कर्म करने के प्रयास की प्राथमिकी दर्ज

**पाटन।** पलामू जिले के पाटन थाना के मेराल सरकारी स्कूल के संयोजिका भवानी कुँवर के द्वारा मेडिकल कालेज मेदिनीनगर में इलाज के दौरान दिये गए फर्द बयान पर पाटन थाना में दुष्कर्म के प्रयास करने एवं रंगदारी माँगने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। थाना प्रभारी गुलशन गौरव ने बताया कि प्राथमिकी उपरांत कांड का अनुसन्धान किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया है कि 24 जुलाई को संयोजिका भवानी कुँवर ने सल्फास गोली खाकर आत्महत्या की कोशिश की थी तथा इलाज के लिये उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान फर्द बयान में उन्होंने बताया है कि मुखिया छोटु सिंह मुझे अपने घर पर बुलाये तथा दरवाजा बन्द कर मेरे साथ गलत करने की कोशिश किये तथा चिल्लाने पर मुझे मारा, दरवाजा खोलते ही मैं घर आई तथा एसपी पलामू को लिखित सूचना दिया। संयोजिका चुनाव को लेकर मुखिया एवं अन्य आरोपी मुझे तरह-तरह से प्रताड़ित करते है। 24 जुलाई को रविकिशन उर्फ सकेन्द्र स्कूल में आकर विद्यार्थी के सामने हाथ पकड़कर मुझे मारपीट किया। प्रताड़ना से परेशान होकर सल्फास गोली खाकर अपनी जान देने की कोशिश की है।

### स्कूल के चावल सहित कुकिंग सामग्री की चोरी

**पाटन।** पाटन संकुल अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पहाड़ी टोला सुठा में गत रात्रि अज्ञात चोरों ने दरवाजा तोड़कर कुकिंग सामग्री की चोरी कर लिया है। स्कूल के हेडमास्टर इफ्तेखार अंसारी ने पाटन थाना में लिखित सूचना दिया है की गैस सिलिंडर, चूल्हा, चार किवंटल एमडीएम की चावल सहित कुकिंग सामग्री की चोरी हो गई है। फिलहाल स्कूल में एमडीएम बन्द हो गया है। इसके पूर्व भी इस स्कूल में दो बार एमडीएम की सामग्री की चोरी की घटना हो चुकी है।

### माइक्रोसॉफ्ट वर्ड पर पांच दिवसीय परिचर्चा पाठ्यक्रम शुरू

**विश्रामपुर।** नावाडीह कला स्थित आरसीआइटी के सभागर में माइक्रोसॉफ्ट वर्ड पर पांच दिवसीय परिचर्चा पाठ्यक्रम मंगलवार से शुरू हुआ। जिसका आयोजन सतत शिक्षा एवं उद्यमिता केंद्र के द्वारा किया गया। इस कोर्स के संचालक अरविंद घोष है। वहीं इसका नेतृत्व आरसीयू के कुलपति डॉ कल्याण कुमार व कुलसचिव डॉ देवाशीष मंडल के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। परिचर्चा कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर व माइक्रोसॉफ्ट की जानकारी आज की अहम जरूरत बन चुकी है। परिचर्चा पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर का बुनियादी संचालन,माइक्रोसॉफ्ट वर्ड का फॉर्मेटिंग व लेटर टाइपिंग की शिक्षा प्रतिभागियों को दी जायेगी। कोर्स के समापन पर पांचवे दिन सफल विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा। परिचर्चा के प्रथम दिन कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने माईक्रो प्रोफेसर के बारे में बताया।

---

मुख्य नहर के लाइनिंग कार्य को मिली स्वीकृति

# एक दर्जन गांव के किसानों को मिलेगी सिंचाई की सुविधा: विधायक

**हरही वीयर योजना के दायें तरफ से एकमात्र मुख्य नहर निकलती है जिसकी कुल लम्बाई 7.590 किमी है**



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने लगातार इतिहास रचने का काम किया है। हुसैनाबाद के आहार तालाबों पाइन का जीर्णोद्धार कर इस सुखाड़ की स्थिति में किसानों को बड़ी राहत देने का काम किया है। उन्होंने हुसैनाबाद की महत्वकांक्षी हरही बीयर योजना के पुर्णोद्धार कार्य को स्वीकृत कराकर एक दर्जन गांव के किसानों को सिंचाई की सुविधाएं उपलब्ध कराया है। इससे लाभान्वित क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। इस योजना पर 22 करोड़ 36 लाख 78 हजार रुपए खर्च होंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर प्रक्षेत्राधीन पलामू जिलान्तर्गत हुसैनाबाद प्रखण्ड में निर्मित हरही बीयर योजना के पुनरुद्धार एवं मुख्य नहर के लाईनिंग कार्य हेतु कुल 22 करोड़ 36 लाख 78 हजार रुपए के प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। हरही वीयर योजना के दायें तरफ से एकमात्र मुख्य नहर निकलती है जिसकी कुल लम्बाई 7.590 किमी है। उन्होंने बताया कि इस योजना का रूपांकित सिंचाई क्षमता 800 हेक्टेयर है। इस योजना के जीर्णोद्धार से रपुरा, गारहेगोरया, चउवाचट्टान, गम्हरबिगहा, कुर्मिपुर, कमगारपुर, मुबारकपुर, टिकरी, उपरी होलया, लंगरकोट तथा विशुनपुर आदि गाँवों में सिंचाई सुविधा बहाल हो सकेगी। वर्तमान समय में 710 मीटर तक ही नहर में पानी पहुंच पाता है। इसके किमी 0.00 से लेकर 0.710 किमी तक नहर का अधिकांश भाग कटिंग में है, जहां जंगल, झाड़ तथा गाद आदि भरा हुआ है। अधिकांश भाग समतल हो गया है। वर्तमान में नहर का अस्तित्व मात्र 7.500 किमी. तक ही है। उक्त नहर को मोहम्मदगंज बराज के दायाँ मुख्य नहर को पार कर हुसैनाबाद स्थित सरकारी कृषि फॉर्म तक जाना था। परंतु मोहम्मदगंज बराज के दायाँ मुख्य नहर के उस पार के बाद हरही नहर अस्तित्व में नहीं है एवं उस क्षेत्र में सरकारी कार्यालय तथा आवासीय परिसर बन गया है। नहर का जीर्णोद्धार कार्य 7.500 किमी तक ही कराया जायेगा। इस योजना अन्तर्गत वीयर के बेड की सफाई, वीयर के सभी संरचनाओं के मरम्मति कार्य कराया जायेगा। वीयर से निःसृत एकमात्र मुख्य नहर के पीसीसी लाईनिंग के साथ-साथ नहर पर अवस्थित पुराने क्षतिग्रस्त विभिन्न संरचनाओं का मरम्मति एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि इस योजना के पूरा हो जाने से हुसैनाबाद प्रखंड के एक दर्जन गांव के किसानों को खेती के लिए पानी का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बटाने जलाशय योजना व काशी सोत डैम से निकलने वाली पाइन का विस्तार के साथ साथ पुरानी पाइन का जीर्णोद्धार भी जल्द कराने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में हुसैनाबाद हरिहरगंज विकास की दौड़ में सबसे आगे होगा।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में धीमें कार्य से डीसी नाराज

**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का पर्यवेक्षण करेगी जिलास्तरीय टीम**

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिले में फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों का पर्यवेक्षण जांच टीम करेगी। पुनरीक्षण संबंधी सभी कार्यों के उचित पर्यवेक्षण हेतु जिला स्तर पर 11 जांच टीम का गठन किया जायेगा। यह टीम मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से संपादित किए जा रहे कार्यों का सतत पर्यवेक्षण करते हुए जांच प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त को समर्पित करेगी । यह निर्देश उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने दिया है। मंगलवार को निर्वाचन संबंधी समीक्षा एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग सभागार से वर्चुअल माध्यम से कर रहे थे। डीसी ने फोटोयुक्त मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कम प्रगति वाले क्षेत्रों के बीएलओ, पर्यवेक्षक, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों समेत पुनरीक्षण कार्य से जुड़े अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यों में जिम्मेवारी पूर्वक व तत्परता के साथ कर्तव्य निर्वहन करना सुनिश्चित करें। विदित हो कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2024 कार्यक्रम 21 जुलाई से 21 अगस्त 2023 तक चलाया जा रहा है। पूर्व गतिविधियों के तहत सभी बीएलओ के द्वारा घर-घर सत्यापन का कार्य, बीएलओ रजिस्टर के माध्यम से किया जा रहा है। बीएलओ के द्वारा सत्यापन के क्रम में सभी घरों पर विभाग स्तर से प्राप्त बीएलओ स्टीकर को चिपकाते हुए भ्रमण की दो तिथियां अंकित करना है।

## संयोजक ने पलामू सांसद को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** भाजपा स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश सह संयोजक रवींद्रनाथ उपाध्याय ने पलामू सांसद बीड़ी को सम्मानित किया। बताते चले कि भाजपा स्वच्छ भारत अभियान प्रदेश सह संयोजक एवं पलामू प्रमंडल पभारी रविंद्र नाथ उपाध्याय व स्वच्छ भारत अभियान के ज़िला संजोजक शंभू शरण सिंह आज पलामू सांसद बीड़ी राम से मेदिनीनगर में मुलाकात कर विश्रामपुर क्षेत्र के कई समस्यायों से अवगत कराया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान प्रदेश कमिटी द्वारा पूरे प्रदेश में वृक्ष लगाने पर चर्चा की गई। जिस पर पलामू सांसद बीड़ी राम कमेटी के लोगो को अस्वस्थ करते हुये कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूरा सहयोग किया जायेगा। इसके बाद श्री उपाध्याय ने सांसद महोदय बीड़ी राम को बृक्ष देकर व अंगवस्त्र ओढ़कर सम्मानित भी किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

**तैयारी** | **प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ने की बैठक**

# मेरी माटी, मेरा देश अभियान 9 से 15 अगस्त तक



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** उप विकास आयुक्त पलामू के आदेशानुसार मेरी माटी, मेरा देश अभियान (9 से 15 अगस्त) को सफल बनाने के लिए मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ प्रभाकर ओझा की अध्यक्षता में बैठक हुई । उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से इस अभियान के वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत जहां अमृत सरोवर बने हैं, वहां 75 स्थानीय पौधे लगाते हुए अमृत वाटिका का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है। जहां अमृत सरोवर नहीं हैं, वहां के किसी अन्य जलस्त्रोत , पंचायत भवन , विद्यालय और अन्य चिन्हित स्थलों के आस पास अमृत वाटिका के निर्माण के लिए स्वदेशी पौधे यथा - सागवान , गम्हार , शीशम , नीम , आम , जामुन , बेर , कटहल , आंवला के साथ अन्य स्थानीय प्रजाति के पौधे प्राथमिकता के साथ लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि अमृत वाटिका कार्य और स्मारक पट्टिका का निर्माण मनरेगा के माध्यम से प्रावधान के अनुसार ग्राम सभा में चयनित कर किया जायेगा। वसुधा वंदन स्थल पर स्मारक पट्टिका की स्थापना की जायेगी। जिसमें देश के वीर सपूतों के त्याग और बलिदान संबंधित जानकारी दी जायेगी। साथ ही स्वतंत्रता दिवस पर उक्त स्थलों पर तिरंगा फहराया जायेगा। इस अभियान के तहत मिट्टी कलश यात्रा भी निकाली जायेगी। इसके लिए सभी गांवों की मिट्टी पंचायत भवनों में संग्रहित करते हुए प्रखंड मुख्यालय में जमा की जायेगी। उसके बाद उक्त मिट्टी दिल्ली जायेगी। बैठक में इन कार्यक्रमों के लिए अलग- अलग विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिम्मेवारी दी गई। अभियान के क्रियान्वयन के लिए सभी जन प्रतिनिधियों, वीर शहीदों के परिजनों और सखी मंडलों के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। बैठक में मनरेगा बीपीओ चंद्रशेखर कुमार, लेखा सहायक जगत प्रसाद मेहता , उपप्रमुख नगीना सिंह, मुखिया अबूनसर सिद्दिकी, विकास कुमार सिंह , कमला देवी, उमेश राम, अनिता देवी, पंसस ममता देवी, मालती देवी, नौशाद आलम बीपीआरओ, विवेकानंद पटेल प्रभारी कल्याण पदाधिकारी, सहायक और कनीय अभियंता बसंत कुमार, मिन्हाज आलम, संतोष कुमार रजक, धर्मेंद्र कुमार, नीतीश कुमार सहित पंचायत व रोजगार सेवक शामिल थे।

# झगरुआ उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मना जड़ी-बूटी दिवस

**लगाये गये कई औषिधीय पौधे**

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** नगर परिषद के वार्ड 12 झगरुआ उत्क्रमित मध्य विद्यायल में आज जड़ी-बूटी दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में कई औषिधीय पौधे भी लगाये गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य इरफान अंसारी व संचालन गोवर्धन राम ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षक सुनील कुमार विद्यालय के सभी छात्र -छात्राओं को स्वस्थ्य रहने हेतु कई टिप्स भी दिये। कहे 'करे योग्य रहे निरोग'। उन्होंने बच्चों को अपने आस-पास पेड़ पौधे लगाने के प्रति जागरूक किया तथा उनके संरक्षण हेतु शपथ भी दिलायी। मौके अविनाश कुमार, अरविंद राम, नसिमुल्लहक अंसारी, साबिर अंसारी सहित स्कूल के कई शिक्षक-शिक्षिका, छात्र-छात्रा व काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।



## बीस सूत्री की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने की। जबकि संचालन बीडीओ सह सचिव रतन कुमार सिंह ने किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड में संचालित कई विकास योजनाओं की समीक्षा पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, सिचाई, पशु चिकित्सा, मनरेगा, 15 वें वित्त आयोग, पीएचईडी, बिजली विभाग, जेएसएलपीएस एवं कृषि विभाग सहित अन्य विभागों की योजनावार समीक्षा की गई। जहा लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को खाद,बीज सुलभ रूप से उपलब्ध हो इसके लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने की जरूरत है। ताकि किसानों की समस्या का त्वरित निष्पादन हो सके।साथ ही उन्होंने बीजली विभाग को यह निर्देशित किया गया कि अकारण किसानों को परेशान ना करें, छापेमारी के पूर्व गरीब किसानों को पहले नोटिस दे कि अपना वैध कनेक्शन करा लें, तभी बिजली का उपयोग करें। उन्होंने सभी बैंक के शाखा प्रबंधक कोकहा है कि केसीसी ऋण के आवेदन को तत्काल निष्पादित करें। ताकी किसानों को लाभ मिल सकें। ग्रामीण क्षेत्र में मौसमी बीमारी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को सजगता के साथ कार्य करने की बात कही। बीडीओ ने जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों को ससमय राशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से बीस सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, विधायक प्रतिनिधि बैरिस्टर सिंह, चिकित्सा प्रभारी दीपक कुमार, पशु चिकित्सा प्रभारी ताहीद इकबाल, बीपीएम विभूति कुमार, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, श्रवण कुमार, बिनय पासवान, हंसराज सिंह, राजेश सिंह, रतन लाल, बीपीओ बिष्णु प्रताप मिश्रा, जेएसएलपीएस के बीपीएम सुनील कुमार, बीटीएम बरुन सिंह, प्रखंड कॉर्डिनेटर राजू रंजन, पंचायत सेवक वशिष्ठ तिवारी, पीएचडी के ददिबल प्रसाद समेत कई कर्मी व बिससूत्री कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

### सब इंस्पेक्टर को सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

**पांकी।** सब इंस्पेक्टर विजय कुमार के सेवानिवृत होने पर पांकी थाना परिसर में मंगलवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने विजय कुमार की प्रशंसा की। थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव ने कहा कि इन्होंने इमानदारी पूर्वक पूरे कर्तव्य और निष्ठा के साथ अपना 34 साल सेवा दिया है, इनका कार्य काल सराहनीय रहा है। सेवानिवृत इंस्पेक्टर विजय कुमार को अंग-वस्त्र, डायरी, छाता, पेन और रामचरितमानस देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पुलिस इंस्पेक्टर अरुण कुमार महथा ने कहा कि नौकरी में रिटायमेंट एक प्रकिया है, इससे सभी पदाधिकारियों को गुजरना पड़ता है।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

-: रद्द संबंधी सूचना :-

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–15/23–24 (PR No. 302023 District (23-24) # D) के ग्रुप संख्या–18 जिसका Tended ID No.- **2023_ZPCHT_74177_1** है में वर्णित कार्य (Construction of PCC Road from PWD Road to Rana Toli. At - Mayapur, G.P- Dariyatu, Block-Chatra, District- Chatra ) तकनीकी कारणवश स्थगित किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 304281 (District) 23-24 (D)



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक................../दिनांक..................

आम सूचना

दिनांक 15.08.2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मेदिनीनगर नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत सभी मीट, मुर्गा एवं मछली की दुकाने बंद रहेगी। मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत मीट, मुर्गा एवं मछली विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि उक्त तिथि को अपने सभी माँस की दुकानों को बन्द रखेगें। अन्यथा पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम 2011 के तहत् कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम।

PR.NO.304248 District(23-24):D



**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,गढ़वा**

आवश्यक सूचना
(मृत अज्ञात शव (पुरूष), उम्र–करीब 35 वर्ष)







धुरकी थाना यू0डी0 काण्ड सं0–07/2023, दिनांक–12.04.2023 में मृत अज्ञात शव (पुरूष) उम्र–करीब 35 वर्ष, ग्राम–दुशैया टोला अकेलवा स्थित शिव स्थान के पास कुऑ में, थाना–धुरकी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड में सड़े गले अवस्था में पाया गया था। उक्त काण्ड में अज्ञात शव की पहचान करना अत्यंत आवश्यक है। परन्तु अबतक अज्ञात शव का पहचान नहीं हो सकी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उपरोक्त मृत अज्ञात शव(पुरूष) के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

1. अज्ञात शव का अलग–अलग 02 फाईल फोटो।

हुलियाः–
- नाम–अज्ञात पुरूष,
- उम्र–35 वर्ष,
- कद–करीब 5 फीट 02 इंच,
- रंग–सॉवला
- पहनावा–ब्लू रंग का फुल पैन्ट, ब्लू रंग का टी–शर्ट, जिसमें एक वाईट साईन पीछे Multitech लिखा हुआ है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 304295 Police(23-24).D



**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।**
समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9
ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

**आवश्यक सूचना**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक 439, दिनांक 05.04.2023 द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में जिले में संचालित विभिन्न **कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में सत्र 2023–24 में विभिन्न कक्षाओं में नामांकन लिया गया। नामांकन के उपरांत भी विभिन्न कक्षाओं में रिक्ति शेष रह गई है।**

सभी इच्छुक अभिभावक अपने बच्चियों का नामांकन रिक्त शीट के विरूद्ध करने हेतु आवेदन दिनांके 20.08.2023 तक संबंधित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। विद्यालयवार और कक्षावार नामांकन रिक्ति एवं नामांकन से संबंधित नियमावली जिले के वेबसाईट"**www.palamu. nic.in**"पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR 304279 (District) 23-24 (D)



**कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।**
(अतिअल्पकालिक ई0निविदा आमंत्रण सूचना)
ई–निविदा सूचना संख्या – 23/2023-24दिनांकः ......................

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | दारीयातु | मायापुर | पी0डब्लू0डी0 रोड से राणा टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2003400 | 5000 | 40500 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12/08/2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 12.08.2023 से 17.08.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
4. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 18.08.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –19.08.2023 अपराह्न 2:00 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9835777636 (सहायक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
10. योजनवार विस्तृत जानकारी कार्यालय नोटिश बोर्ड पर देखा जा सकता है।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in_एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद चतरा।

PR 304283 District(23-24)D

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 08 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 09 अगस्त 2023 • वर्ष-29 • अंक-294 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'हड्डी' ओटीटी ... पेज 10 पर



# सीएम हेमंत को ईडी ने जारी किया समन, 14 अगस्त को बुलाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने दूसरा समन जारी करते हुए पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर बुलाया है। इस बार जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को 14 अगस्त को ईडी के दफ्तर बुलाया है। सूत्रों के अनुसार सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए दूसरी बार ईडी के द्वारा समन जारी किया गया है। इससे पहले 17 नवम्बर 2022 को ईडी के समन पर सीएम ईडी दफ्तर पहुचे थे ,उस दिन सीएम से ईडी ने लंबी पूछताछ की थी। अब ठीक 9 महीने के बाद सीएम को ईडी ने दूसरा समन जारी किया है।

**कैसे आए सीएम ईडी की नजर में :** 6 मई 2022 को ईडी ने मनरेगा घोटाले में राज्य की तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी को 19.41 करोड़ मिले थे। जांच के बाद ईडी ने बताया था



कि जब्त पैसों में अधिकांश राशि राज्य के बड़े राजनीतिज्ञों और नौकरशाहों की है। इसके बाद आठ जुलाई 2022 को ईडी ने अवैध खनन के मामले में मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उनके सहयोगियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में ईडी ने 19 जुलाई 2022 को पंकज मिश्रा को मास्टरमाइंड बताते हुए गिरफ्तार किया था। बाद में ईडी ने 25 अगस्त को सत्ता के गलियारे में चर्चित रहे प्रेम प्रकाश, सीए जयपुरिया के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस दौरान प्रेम के यहां से सीएम हाउस में तैनात दो सिपाहियों की एके 47 व 60 कारतूस बरामद किए थे, जबकि जयपुरियार के यहां से संपत्ति और निवेश से जुड़े कच्चे कागजात व फाइलें बरामद की गई थीं। वहीं रवि केजरीवाल ने एजेंसी को जो बयान दिया था, उसमें हेमंत सोरेन का जिक्र किया गया था, बाद में रवि केजरीवाल के बयान के सत्यापन में भी कई चीजें ईडी की जानकारी में आयी थीं, जिसके बाद सीएम को ईडी ने पहली बार 1 नवंबर 2022 को समन भेज 3 नवंबर को हाजिर होने को कहा था। उस दौरान मुख्यमंत्री ने पत्र भेजकर ईडी से समय मांग लिया था लेकिन उसके बाद ईडी ने सीएम को दोबारा समन भेजा और फिर 17 नवम्बर 2022 को सीएम ईडी दफ्तर में हाजिर हुए थे।

## झारखंड में लंपी वायरस की दस्तक, लोहरदगा में हुई पुष्टि

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में लंपी वायरस ने फिर से दस्तक दे दी है। लोहरदगा जिले में कई जगहों पर इस वायरस की मौजूदगी के निशान मिले हैं। इसको लेकर एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। इस दौरान मवेशियों से सैंपल एकत्र किये गए हैं, जिनकी जांच भोपाल में करायी जाएगी। जांच के बाद ही कुछ भी स्पष्ट रूप से कहा जा सकेगा। लंपी बीमारी मच्छर या खून चूसने वाले कीड़ों से मवेशियों में फैलती है। ये स्किन डिजीज वायरस से होने वाला संक्रामक गांठदार त्वचा रोग है। ये मवेशियों में ज्यादातर गाय, भैंस को होती है। संक्रमित होने के दो-तीन दिनों के अंदर मवेशी को हल्का बुखार आता है। फिर शरीर पर गांठदार दाने निकल आते हैं, जिसके बाद कुछ गांठ घाव में बदल जाते हैं। मवेशी की नाक बहती है। पैरों में सूजन व मुंह से लार आता है तथा दूध कम हो जाता है। गर्भावस्था में इससे मवेशी को मिस कैरेज हो सकता है। इसके अलावा उनकी त्वचा को स्थायी नुकसान भी हो सकता है। इससे प्रभावित मवेशियों में मृत्यु दर लगभग पांच प्रतिशत है। इसमें एलएसडी (गोट पॉक्स) वैक्सीन का इस्तेमाल किया जाता है। इस वेक्सीन का टीकाकरण किया जाता है। फिलहाल तो पर्याप्त मात्रा में ये उपलब्ध है। उम्मीद है इससे नियंत्रित कर लिया जाएगा। चूंकि लंपी स्किन डिजीज अधिक तापमान और नमी में तेजी से और अधिक आसानी से फैलता है। इसलिए बारिश के सीजन को देखते हुए इसके फैलाव की आशंका जताई गई है।

## NEWS इन ब्रीफ

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 अगस्त को होगी। प्रोजेक्ट भवन में शाम चार बजे से होने वाली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर मंजूरी दी जाएगी। राज्य में कई जलापूर्ति योजनाओं की भी स्वीकृति दी जाएगी। इसके अलावा सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं की भी मंजूरी मिलेगी। बैठक संबंधी सूचना मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग में जारी कर दी है और सभी विभागों से प्रस्ताव मांगा गया है।

### पांच सितंबर को होगा डुमरी उपचुनाव, मतगणना आठ को

**रांची।** भारत चुनाव आयोग ने डुमरी विधानसभा उपचुनाव की घोषणा कर दी है। पांच सितंबर को उपचुनाव होगा और आठ सितंबर को मतगणना की तारीख तय की गई है। 10 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी होगा। 17 अगस्त को नॉमिनेशन होगा। 21 अगस्त तक नॉमिनेशन वापस लेने की तारीख रखी गई है। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का छह अप्रैल को निधन हो गया था। उन्होंने चेन्नई में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली थी। डुमरी विधायक जगरनाथ महतो के निधन के बाद यह सीट खाली हुई है।

### चाईबासा में पांच नक्सली गिरफ्तार

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों में जय सिंह अंगरिया उर्फ राउतु अंगरिया, मदन अंगरिया, अभिषेक हंसदा उर्फ मटलू उर्फ चौड़े, सुकलाल बानरा उर्फ चाड़ा और मोने तियू शामिल हैं। सभी नक्सली चाईबासा जिले टोटो और गोईलकेरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। जिला पुलिस बल और सीआरपीएफ ने अभियान के दौरान पांचों नक्सली को गिरफ्तार किया है। हालांकि, कुछ नक्सली जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। गिरफ्तार पांचों नक्सलियों के कब्जे से हथियार सहित कई समान बरामद हुआ है। पकड़े गए इन नक्सलियों से पूछताछ की जा रही है।

### हाई कोर्ट ने राजू गोप के केस का ट्रायल तीन महीने में पूरा करने का दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने कुख्यात अपराधी राजू गोप की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के बाद निचली अदालत के एक फैसले को रद्द करते हुए तीन महीने में ट्रायल पूरा करने का निर्देश दिया। मंगलवार को न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की अदालत में राजू गोप की याचिका पर सुनवाई हुई। रांची की निचली अदालत ने 23 अगस्त, 2021 को राजू गोप के खिलाफ आरोप तय किये थे।

## झारखंड में सिंचाई योजनाओं में भ्रष्टाचार 37 इंजीनियरों पर होगी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में सिंचाई योजनाओं में भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं के मामलों में 37 इंजीनियरों पर कार्रवाई की तैयारी चल रही है। सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर विभाग ने ऐसे इंजीनियरों को चिन्हित कर लिया है। इनमें कई ऐसे हैं, जिनके खिलाफ वर्षों से जांच चल रही है। कुछ पर आरोप तय हो चुके हैं। कुछ के खिलाफ राशि रिकवरी के आदेश भी जारी किए गए हैं। जिन इंजीनियरों पर कार्रवाई होनी है, उनमें 15 से ज्यादा इंजीनियर रिटायर हो चुके हैं। जांच में भ्रष्टाचार के आरोप प्रमाणित होने पर उनसे राशि की रिकवरी की जाएगी। राज्य में जल संसाधन विभाग के कई इंजीनियर दूसरे विभाग में योगदान दे रहे हैं। सीएम ने उनकी भी सूची मांगी है, जिनका मूल विभाग जल संसाधन है। विभाग की ओर से जांच में सामने आया है कि एक दर्जन से ज्यादा योजनाओं के टेंडर, एस्टीमेट से लेकर उन्हें धरातल पर उतारने के नाम पर कई गड़बड़ियां हुई. रांची, खूंटी, लोहरदगा, जमशेदपुर, सिमडेगा, जामताड़ा सहित कई जिलों में इस तरह की गड़बड़ियां पकड़ी गई हैं। इसके पहले 50 से ज्यादा ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

लोकसभा चुनाव में जीत के लिए सत्तापक्ष व विपक्ष के नेता होंगे जनता से रूबरू

## सूबे में शुरू होगी सियासी यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

झारखंड में सिंचाई योजनाओं में भ्रष्टाचार
37 इंजीनियरों पर होगी कार्रवाई

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर अभी से ही सभी राजनीतिक पार्टियां कमर कस चुकी हैं। एनडीए बनाम इंडिया की 2024 में होने वाली चुनावी संघर्ष से पहले यात्रा के माध्यम से सभी दलों के नेताओं ने जनता के बीच जाने का मन बनाया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी 17 अगस्त से राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की संकल्प यात्रा पर निकलेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर खतियानी जोहार यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी में लगे हैं। बाबूलाल मरांडी ने यात्रा के पहले गिरिडीह के मधुबन में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को दोहराते हुए झारखंड के 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। मायावी शक्तियां भेष बदलकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती हैं। इस मंसूबे को नाकाम करते हुए उन्हें कठोर सजा दिलानी है। ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

शहीद निर्मल महतो के 36 वें बलिदान दिवस के मौके पर बोले-

## बड़े पैमाने पर हो रहीं नियुक्तियां : सीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सरकार हर वह काम कर रही है, जो राज्य की जनता के मान-सम्मान और हक-अधिकार से जुड़ा है। हर चेहरे पर मुस्कान लाना हमारी प्रतिबद्धता है। वे मंगलवार को वीर शहीद निर्मल महतो के 36वें बलिदान दिवस के अवसर पर उलियान, जमशेदपुर में आयोजित शहादत दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक झारखंड रहेगा, शहीद निर्मल महतो अमर रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कुछ ऐसी चीजें हैं जो यहां के इतिहास में पत्थर की लकीर बन चुकी है । उन्हीं में से एक हैं शहीद निर्मल महतो। यह दिन एक ऐसा दिन है जब हमने एक ऐसे व्यक्तित्व को खोया था, जिनकी जगह कोई भी नहीं ले सकता। उन्होंने अपनी जिंदगी का जो भी वक्त झारखंड अलग राज्य के संघर्ष में दिया, उसे कभी भूल नहीं सकते हैं। वे सही अर्थों में झारखंडियों के मार्गदर्शक थे। कुशल संगठन और नेतृत्वकर्ता थे। उनके निर्णय लेने की क्षमता अद्भुत थी। उनके जो आदर्श हैं, उसे लेकर हम आज भी उन्हें जिंदा रखे हैं।

**इस राज्य की भूमि ने कई कुर्बानियां दीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए यहां के आदिवासियों-मूलवासियों ने लंबा संघर्ष और आंदोलन किया। अनगिनत कुर्बानियां दी गई लेकिन अलग राज्य बनने के बाद पिछले 20 वर्षों में उनके बलिदान को राज्य में जो सम्मान और जगह मिलनी चाहिए थी, वह नहीं मिल सकी। हमारी सरकार अपने वीर शहीदों और आंदोलनकारी के सपनों के अनुसार झारखंड का नवनिर्माण कर रही है।

**दरवाजे पर पहुंच रही है सरकार :** झारखंड अलग राज्य बनने के 20 वर्षों तक यहां के गरीबों, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मजदूरों और युवाओं की उम्मीदें टूटने लगी थी लेकिन जब से हमारी सरकार है, सभी की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने का काम कर रहे हैं। आज सरकार आपके दरवाजे पर पहुंचकर आपकी समस्याओं का समाधान कर रही है। अधिकारी आपके गांव में आकर आपको योजनाओं से जोड़ रहे हैं। हमने संकल्प ले रखा है कि इस राज्य के हर व्यक्ति तक विकास को पहुंचाएंगे, चाहे कितनी भी चुनौतियां शेष पृष्ठ 11 पर

**मौसम** पानी का बढ़ा स्तर,मदमस्त हुए हरियाये पेड़

## पलामू टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों के लिए राहत की बारिश


### बरसात में नंगे पांव जंगल नहीं जायें, सांप व बिच्छू का है खतरा : उपनिदेशक

**स्वीटी कुमारी**

**मेदिनीनगर।** पलामू में बारिश पलामू टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणियों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। पीटीआर के जल स्रोतों में पानी का लेवल 30 से 40 प्रतिशत बढ़ गया है। दूसरी तरफ हरियाली आने से वन्य जीवों को भोजन उपलब्ध हो गया है। बांस की नई कोपल लगने से हाथियों को पसंदीदा भोजन है तैयार हो गया है। इससे हाथी ,भालू ,बंदर



को भोजन पर्याप्त मात्रा में मिलना शुरू हो गया है। दूसरी तरफ खुखरी जो एक देसी मशरूम है जिसे भालू बेहद पसंद करते हैं। यह भी उपलब्ध हो गया है। दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने इस बाबत बताया कि हाल के दिनों में वर्षा से जल स्रोतों में पानी बढ़ा है लेकिन अभी भी जल स्रोत अपने अधिकतम पानी की क्षमता से बहुत दूर हैं। दक्षिण प्रमंडल में टेनो जल स्रोत है इसमें निश्चित रूप से पानी बड़ा है। पर अब भी टेनो जलस्रोत में 50 से 60 प्रतिशत पानी ही है। सूत्रों के अनुसार उत्तरी प्रमंडल पलामू टाइगर रिजर्व में एक जल स्रोत है मधु चुआं यह एक बहुत ही भरोसेमंद जल स्रोत है । जो गर्मी के सख्त दिनों में भी कुछ ना कुछ पानी उपलब्ध कराता रहता है । परंतु इस वर्षा से अब तक मधु चुआं जल स्रोत लबालब पानी से नहीं भरा है। कुमार आशीष यह मानते हैं कि जहां वर्षा से वन प्राणियों को पानी और भोजन मिल गये हैं वहीं जंगल झाड़ के अत्यंत घने हो जाने शेष पृष्ठ 11 पर



**NEWS इन ब्रीफ**

## विद्यार्थी परिषद ने एनपीयू कुलपति को ज्ञापन सौंपा

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय को विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला की अध्यक्षता में ज्ञापन सौंपा गया। उक्त अवसर पर उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन हो गया है विश्वविद्यालय में न कुलपति न ही प्रतिकुलपति हैं,ऐसी स्थिति में शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई हैं,अनगिनत समस्याएं महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय में व्याप्त है। परंतु अधिकारी विहीन विश्वविद्यालयों में छात्रों की समस्याओं को सुनने वाला कोई भी नहीं हैं,जिसके भुक्तभोगी सिर्फ छात्र हैं। विश्वविद्यालय निर्माण में करोड़ों का पैसे का बंदरबांट होने से गुणवत्तापूर्ण नवनिर्मित भवनो का निर्माण नहीं होने से दरार देखने को मिल रही है, विश्वविद्यालय हेतु यह जांच का विषय है। परिषद के विश्वविद्यालय संयोजक मंजूल शुक्ला ने कहा कि महाविद्यालयों में शिक्षकों की घोर कमी है। विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी महाविद्यालयों में पैसे की बंदरबांट जोरों पर चल रही है, परीक्षा विभाग में भी बड़े पैमाने पर अनियमितता देखने को मिल रही है। न समय पर प्रवेश है, न परीक्षा है, न परिणाम हैं, ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय प्रशासन अगर अपने रवैया में अविलंब सुधार नहीं लाती है तो विद्यार्थी परिषद सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगीं।

## मिशन समृद्धि संस्था में हरियाली सावन महोत्सव की धूम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने बड़े ही धूमधाम से हरियाली सावन महोत्सव अहिल्या गिरी के आवास पर मनाया। सावन के महीने में महिलाएं हरी पोशाकों में प्रकृति से गुहार लगाते हुए खुशी से झूमते हुए देश में हरियाली और समृद्धि बनी रहे इसकी कामना कीं। यह संस्था समाज की जरूरत के लिए अग्रणी भूमिका में रहती है और कोई भी उत्सव को हर्षोल्लास से कम ही संसाधन में मनाने को तैयार रहती है। हरियाली सावन महोत्सव में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति महिलाओं द्वारा दी गई। शालिनी श्रीवास्तव और रेणुबाला सहाय के गायन में सबों ने अपना सुर मिलाया और जमकर झूमे। आखिरकार कार्यक्रम की समाप्ति के बाद बारिश को देखते हुए लगा कि इन्द्र भगवान भी खुश हुए। ढोलक की थाप देकर भूपेश जी ने सभी गानों को और भी सुंदर बनाया। सैकत दिवाकर ने अपना बहुमूल्य समय दिया। वीणा मिश्रा, रेणुवाला सहाय, निर्मला पाण्डेय, स्मृति लाल, अनुराधा झा, संध्या शेखर, मधु, इन्दु सिंह, इन्दु तिवारी ,लीलावती, सीमा श्रीवास्तव, शीला गोस्वामी, वन्दना श्रीवास्तव, रंजीता, बैजन्ती गुप्ता, शैलेन्द्र कुमार, डॉ देव ऋषि कुमार व अन्य लोगों ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## वन विभाग मामले में पांकी विधायक समेत चार लोग अदालत से बरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के एमपी, एमएलए कोर्ट के स्पेशल मजिस्ट्रेट सतीश कुमार मुंडा की अदालत ने मंगलवार को वन विभाग के एक मामले में पांकी विधायक शशि भूषण मेहता, समेत राजकमल मेहता,इम्तेयाज अहमद नाजमी एवं मो. आजाद को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। विधायक श्री मेहता समेत चारो पर आरोप था कि इन लोगों ने आठ अक्टूबर 2007 को वन भूमि पर अवैध पत्थर खनन कर परिवहन करने के पेशेवर अपराधी अमारीक भुईया को सहयोग करते हुए अन्य 30-40 व्यक्तियों के साथ मिलकर वनकर्मियों द्वारा जब्त किए गए अवैध पत्थर लदा हुआ टैक्टर टेलर सहित बाजबरजस्ती लूट कर ले गए थे। जिसकी प्राथमिकी सदर



थाना में कांड संख्या 408/2007 दर्ज की गई थी। जिसमे अनुसंधान उपरांत अंतिम प्रतिवेदन असत्य समर्पित किया गया था तथा मुकदमा समाप्त किया गया था। परन्तु अदालत में इस मामले में आठ गवाहो की गवाही हुई थी।आज साक्ष्य के आभाव में अदालत ने शशिभूषण मेहता समेत उक्त चार लोगों को बरी कर दिया है।

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल, रांची रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सड़क दुर्घटना में गढ़वा निवासी अजय कुमार मेहता की पत्नी सुनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में घायल महिला के पति अजय मेहता ने बताया कि सोमवार की शाम दोनों पति-पत्नी गढ़वा, अपने घर से बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर किसी काम से जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में सुनीता देवी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद राहगीरों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है।

## छत की सीढ़ी से गिरकर महिला घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के भट्टी मोहल्ला निवासी स्वर्गीय पच्चू शर्मा की पत्नी कलावती कुंवर उम्र करीब 45 वर्ष अपनी छत के सीढ़ी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार कलावती कुंवर सोमवार की रात अपने छत पर टहल रही थी। तभी अचानक वह छत के सीढ़ी से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## भाकपा जिला सचिव ने की गिरफ्तारी की मांग

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने आरक्षी अधीक्षक को सतबरवा कांड संख्या 70/ 2023 के मूदालयों को गिरफ्तार करने के संबंध में पत्र लिखा। श्री तिवारी ने कहा कि सतबरवा कांड संख्या 70/ 2023 के सूचक राजेंद्र प्रसाद के पुत्र की हत्या इस कांड के अभियुक्तों ने करके लाश को रोड पर फेंक दिया था। जिसके बाद मृतक के पिता ने थाना कांड संख्या के आरोपियों के ऊपर तीन अभियुक्त पर नामजद एवं एक व्यक्ति पर अज्ञात एफ आई आर दर्ज करवाया गया। इसके बाद भी इस जघन्य अपराध दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 302 में दर्ज होने के बाद भी अभी तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई और उल्टे सभी अपराधी मृतक के पिता को बार-बार केस उठाने और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

## जनता दरबार में बिना काम कराये राशि हड़पने की उपायुक्त से शिकायत

**उपायुक्त ने अपने निजी स्तर से दिव्यांग को एक हजार रुपये की आर्थिक मदद की**

**कई महिलाओं ने उपायुक्त से अम्बेडकर आवास देने की गुहार लगाई**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष के जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों की समस्यायें सुनी और संबंधित पदाधिकारियों को उनके आवेदनों को अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा में आवेदनों के निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के दिव्यांग आकाश कुमार रवि ने उपायुक्त से ईलाज हेतु आर्थिक सहयोग करने की गुहार लगायी, जिस पर उपायुक्त ने अपने निजी स्तर से एक हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के शांति देवी, काली देवी, सबिता, तेतरी देवी, शकुंतला देवी, जौतरी देवी, रमणी देवी आदि कई महिलाओं ने उपायुक्त से अम्बेडकर आवास देने की गुहार लगाई। इसी तरह पाटन थाना क्षेत्र के बबलू भुइँया ने उपायुक्त को बताया कि वह कैंसर से पीड़ित है और इलाज करवा पाने में असमर्थ है। इसी तरह ग्राम पंचायत गुरुद्वार, उर्दवार व मंजुराहा के ग्रामीणों ने उपायुक्त से अपने ग्राम पंचायत उर्दवार मंजूराहा के प्रत्येक गांव में 14वीं एवं 15वीं वित्त आयोग से होने वाले विकास कार्यों को बिना कार्य किए ही राशि के निकासी कर हड़पने की शिकायत की। पिपराटांड थाना क्षेत्र की सतुला बीबी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन की राशि पुनः बहाल करने की गुहार लगाई। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के पनपाती देवी ने उपायुक्त से विधवा पेंशन देने की मांग की। आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी की बहन ने मनाया रक्षाबंधन का त्योहार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू उंटारी रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत सेवानिवृत्त हिंडालको कर्मी गुप्तेश्वर विश्वकर्मा के आवास पर भगवान शिव का ध्वज लहराया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित मध्य विद्यालय चेचरिया के प्रधानाध्यापक विजय यादव ने डोरी खींचकर ध्वजारोहण किया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से आई हुई सिस्टर कंचन ने तमाम उपस्थित पुरुषों और महिलाओं को राखी बांधकर समस्त विश्व में अमन चैन और भाईचारगी का संदेश दिया। मौके पर उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि विजय यादव ने कहा कि बहन कंचन की तरह हर एक बहनों को भाईचारगी का संदेश यूनिवर्सल देना चाहिए और समाज के प्रत्येक युवा को भी सभी बहनों को अपनी बहन की तरह रक्षा करने के लिए तैयार रहना चाहिए। तभी रक्षाबंधन का त्यौहार सार्थक माना जाएगा। सबसे बड़ी बात तो यह है की बहन कंचन ने राखी बांधने के बदले में धन दौलत की मांग नहीं की विद्यमान व्यक्तियों से अपने अंदर की बुराइयों को त्यागने की बात कही! ईमानदारी और सच्चाई के मार्ग पर चलने की बात कही! तमाम उपस्थित व्यक्तियों में रामसुंदर विश्वकर्मा, दरोगा विश्वकर्मा, रामनवमी विश्वकर्मा, रामसुंदर विश्वकर्मा तथा भारी संख्या में महिलाओं ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और बाहर से आई हुई सिस्टर कंचन के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

**एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजे गये**

## एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के आदेश पर मंगलवार को ट्रैफिक के प्रभार में एएसआई जगमोहन बांद्रा और ट्रैफिक मुंशी संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में छह मुहान चौक के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान करीब एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को बिना हेलमेट पड़कर उसे फाइन के लिए डीटीओ के पास भेजा गया। वहीं दूसरी ओर शहर थाना के एएसआई इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में मंगलवार को शहर थाना के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सभी दो पहिया वाहनों को रोककर उसकी तलाशी ली गयी और वाहन के कागजातों की जांच की गयी। इस दौरान बिना कागज और लाइसेंस के वाहन चलाते पकड़े गए सभी वाहनो को इंद्रदेव पासवान के द्वारा फाइन के लिए डीटीओ आफिस भेज दिया गया है। वहीं वाहन चेकिंग के दौरान एएसआई इंद्रदेव पासवान ने बताया कि लाख मना करने के बाद भी लोग ट्रिपल ड्राइव और बिना हेलमेट के वाहन चलाते दिख रहे हैं। लोग ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर वाहन चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चेकिंग के दौरान जितने भी वाहन पकड़े गए हैं सभी को चालान के लिए डीटीओ ऑफिस भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पहले दोपहिया वाहन चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था कि अगले बार से लोग हेलमेट पहनकर बाइक चलाएंगे। परंतु लोग समझने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रिपल लोडिंग और बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले लोगों को बख्शा नहीं जायेगा।

## जेएमएम कार्यालय में शहीद निर्मल महतो का मना शहादत दिवस

**मेदिनीनगर।** पलामू झारखंड मुक्ति मोर्चा के मेदिनीनगर जिला कार्यालय में झारखंड के शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पण और माल्यार्पण झामुमो अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। साथ ही झामुमो पलामू के नेता स्व राजमुनी मेहता को भी श्रद्धांजलि अर्पित कर सबों ने याद किया। अध्यक्ष श्री सिन्हा द्वारा कार्यक्रम में उनके विचारों को विस्तारपूर्वक बताया गया, उन्होंने कहा शहीद निर्मल महतो झारखंड के सच्चे सपूत थे। आज भी उनके विचार हमें प्रेरित करते हैं। उन्होंने झारखंड अलग बनाने के लिए महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ी और झामुमो के अध्यक्ष भी रहे । सूदखोरों के खिलाफ उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी थी। आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार सभी शहीदों का सम्मान कर रही है और स्व निर्मल महतो जैसे शहीदों के बताए मार्ग पर चल कर झारखंड के लोगों की सेवा कर रही है। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, व्यवसायिक मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष राजिया नियाजी, वरिष्ठ नेता बबलू शाहनवाज, प्रदीप सिंह, रिशु अग्रवाल, हाजी ललन, बिरेंद्र पासवान, इकबाल कुरैशी, संगठन सचिव नवीन सिन्हा, राजेश विश्वकर्मा, अनुराग सिंह कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष डा यशवंत सिंह, बबलू चौधरी, सोशल मीडिया प्रभारी रंजन कुमार, नगर सचिव विशाल सिन्हा, पाटन प्रखंड अध्यक्ष रंजीत सिंह, युवा संयुक्त सचिव अरविंद चौधरी, अंकित सिंह अल्पसंख्यक कोषाध्यक्ष तालिब कुर्बान सहित दर्जनों झामुमो के नेता उपस्थित थे।

## रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया की बैठक दिल्ली में संपन्न

**मेदिनीनगर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की बैठक दिल्ली में संपन्न हुई। बैठक में झारखंड प्रभारी चंदन शर्मा के नेतृत्व में मजदूर नेता सह रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश सिंह झारखंड राज्य की ओर से शामिल हुए। बैठक में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि लोकसभा चुनाव में एनडीए को भारी बहुमत प्राप्त होगा और नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। आठवले ने कहा कि आरपीआई, एनडीए का सहयोगी दल है और पूरे देश में आगामी लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देगा। आठवले ने आरपीआई को पूरे देश में मजबूत बनाने के लिए संगठन पदाधिकारीयों से व्यापक सदस्यता अभियान चलाकर 2 करोड़ नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का आवाहन किया। आठवले ने विपक्षी दलों के गठबंधन को अवसरवादी करार देते हुए कहा कि मोदी के विरोध में तमाम भ्रष्टाचारी नेता एक साथ आकर आगामी लोकसभा चुनाव में जीतने का भ्रम पाले हुए हैं, जबकि वास्तविकता में विपक्षी गठबंधन का जनता तथा जमीन पर कोई असर पड़ता नहीं दिख रहा है।

## वरीय अधिवक्ता के आकस्मिक निधन पर शोक सभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को प्रभारी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अध्यक्षता में वरीय अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर प्रभारी प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार ने कहा कि शिव कुमार तिवारी सरल स्वभाव के धनी व्यक्ति थे। वे सिविल मामले के अच्छे जानकार थे। विदित हो कि शिव कुमार तिवारी का निधन चार अगस्त की रात्रि में हो गया था। वे मूल रूप से रजवाडीह गांव के निवासी थे। वे अधिवक्ता पेशा से अवकाश प्राप्त थे। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने भी उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला व उनके ब्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की । मौके सभी न्यायाधीश के अलावे सुबोध कुमार सिन्हा, वरुन कुमार सिंह, महेंद्र तिवारी, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## महिला अधिवक्ताओं ने किया पलामू एसपी का स्वागत

**मेदिनीनगर।** महिला अधिवक्ताओं ने सोमवार को पलामू एसपी रिशमा रमेशन से शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उपस्थित महिला अधिवक्ताओं ने कहा कि पलामू जिला की नई एसपी रेशमा रमेशन के पलामू में पदभार संभालने से पलामू की महिलाओं में काफी खुशी तथा उल्लास का माहौल है। पलामू की महिलाओं में एक नई उम्मीद तथा आशा की किरण दिख रही है। महिला एसपी. के आने से महिलाओं तथा स्कूल कॉलेज जाने वाली बच्चियों के साथ होने वाले अपराध में कमी आएगी तथा महिलाओं तथा बच्चियों की स्थिति में सुधार होगा। मौके पर उपस्थित पलामू जिला अधिवक्ता संघ की अधिवक्ता छाया सिंह, सुप्रिया रंजन तथा सुष्मिता तिवारी ने एसपी को फूलों का गुलदस्ता तथा शुभकामना दी तथा पलामू में बेहतर पुलिस व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद में उनका स्वागत और अभिनंदन किया।

## यूथ कांग्रेस की बैठक में महिलाओं व युवाओं को जोड़ने पर जोर




**मेदिनीनगर।** पलामू परिसदन में यूथ कांग्रेस की जिला कार्यकारणी की बैठक मंगलवार को हुई। इस मौके झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रभारी निशा भगत ने राहुल गांधी की महत्वाकांक्षी योजना ₹शक्ति सुपर शी₹ को झारखंड में सबसे पहले पलामू जिले में लॉन्च किया। जिस के तहत युवा कांग्रेस में महिलाओं की समुचित और सशक्त भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। प्रभारी महोदया ने विधानसभा अध्यक्षों से पंचायत स्तर तक के जनहित के मुद्दों पर आत्मविश्वास के साथ लड़ाई लड़ने का निर्देश दिया तथा आगामी 15 अगस्त को महिला के द्वारा झंडोत्तोलन करने का निर्देश दिया।इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा की सभी युवाओं को जोड़ने की जरूरत है इस देश में आने वाला कल युवाओं का है। इस मौके जिला अध्यक्ष परवेज अली मुन्ना खान ने कहा कि आज युवा देश में बेरोजगारी से परेशान है। देश राहुल गांधी जी के तरफ काफी आशा से देख रहा है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ,अभिषेक तिवारी , मणिकात सिंह,सौरभ तिवारी,देवांग सुक्ला, सूर्यांश प्रताप सिंह, गुलाम नबी, कैसर अली,नीतीश रवि,सोनू खान, मोनू अग्रवाल,सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बदलाव**

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से बदलेगी सीआईसी सेक्शन की तस्वीर**

## थर्ड लाइन के साथ बनाया जा रहा लौंग हॉल स्टेशन

**रेलवे सुरक्षा के दृष्टिकोण से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है**

**रेलवे स्टेशन पर लौंग हॉल की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम रेलवे के सीआईसी सेक्शन की तस्वीर को बदल देगा। धनबाद रेल डिवीजन के अंदर सेंट्रल इंडस्ट्रियल कोर (सीआईसी) सेक्शन आता है। इसी सेक्शन पर रेलवे के थर्ड लाइन का भी निर्माण किया जा रहा है। पूरे सेक्शन को ट्रेनों के परिचालन के लिए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से जोड़ा जा रहा है जो पूरी तरह से डिजिटल है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से ट्रेनों की गति तो बढ़ेगी ही, साथ ही साथ यह काफी सुरक्षित भी रहेगी। रेलवे सुरक्षा के दृष्टिकोण से इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को बहुत ही महत्वपूर्ण मानती है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ-साथ सीआईसी सेक्शन में लौंग हॉल रेलवे स्टेशन भी बनाया जा रहा है। सीआईसी सेक्शन में बरकाकाना, बारवाडीह के अलावा कुछ ही स्टेशनों पर लौंग हॉल ट्रेनों के ठहराव की सुविधा थी। इसके अलावा कई और रेलवे स्टेशन पर लौंग हॉल की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। दरसअल दो से तीन मालगाड़ी एक में जुड़ कर चलती है, जिसके ठहरने के व्यवस्था कुछ ही रेलवे स्टेशनों पर मौजूद थी, जिसे बढ़ाया जा रहा है। रेलवे के सीआईसी सेक्शन में प्रतिदिन औसतन 90 से 95 मालगाड़ी गुजरती है। सिस्टम के डेवलप हो जाने से प्रतिदिन 120 से 125 मालगाड़ी गुजर सकती है। रेलवे के पूर्व ट्रैफिक इंस्पेक्टर अरविंद सिन्हा बताते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम रेलवे के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसके फेल होने की संभावना बेहद ही कम होती है। यह ट्रेनों के परिचालन की गति को तो बढ़ाएगा ही साथ ही साथ सुरक्षित भी होगा। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से कई स्टेशनों को जोड़ा जा रहा है।

### एसडीओ जिशान के नेतृत्व में चलाया गया छापामारी अभियान, अवैध कनेक्शनधारकों में मचा हड़कंप

# अवैध बिजली कनेक्शनधारियों पर छापा, पांच पर जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की ओर से विद्युत उर्जा चोरी के खिलाफ सघन छापामारी अभियान विद्युत सहायक अभियंता मोहम्मद जीशान के नेतृत्व में किस्को थाना के बगल पर गोसाई टोली में चलाया गया। जहां पर अवैध बिजली कनेक्शन धारियों के विरुद्ध अभियान चलाकर जुमार्ना वसूली व फाइन लगाया गया। इस दौरान अवैध रूप से कनेक्शन खींचकर विद्युत चोरी करने वालों में हड़कंप मचा गया।

किस्को गोसाई टोली में अवैध रूप से बिजली चोरी मामले में कुल पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गयी। इसमें गोविंद लोहरा, मुन्ना लोहरा, छोटू महली, धनी उरांव और दुर्गा महली शामिल हैं। एसडीओ ने बताया कि इन पांचों के पास पूर्व से बिजली बिल बकाया है। उन्होंने बताया कि गोविंद लोहरा का 25 हजार 211 रुपये, मुन्ना लोहरा का 10 हजार 379 रुपए, छोटू महली का 22 हजार 483 रुपए धनी उरांव का 14 हजार 09 रुपये और दुर्गा महली का 21 हजार 151 रुपये बिजली बिल बकाया है बावजूद चोरी कर कनेक्शन लिये हुए हैं, जिनके विरूद्ध छापामारी अभियान चलाकर कार्रवाई की गयी।

एसडीओ मोहम्मद जीशान ने कहा कि अवैध रूप से विद्युत चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग की ओर से लगातार वैध तरीके से बिजली का कनेक्शन लेने और सरकार के निर्देशों का अनुपालन करते हुए विद्युत का उपयोग किये जाने हेतु जागरूकता शिविर और अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाता रहा है। बावजूद लोग नियम का उलंघन करते हुए बिजली चोरी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ऐसे लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है और आगे भी अभियान जारी रहेगा। मौके पर एसडीओ किस्को थाना के एएसआई मोलेन मुर्मू, सुपरवाइजर जौहर अंसारी, बेलाल अंसारी, हुसैन अंसारी, शाहनवाज अंसारी, नवल भगत, मंसुर अंसारी, सुनील छत्री, दिनेश उरांव एवं किस्को थाना के पुलिस बल शामिल थे।

# एसडीओ ने कहा, 14 को होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित होनेवाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया जाएगा। इसके उपरांत गणेश वंदना की प्रस्तुति का कार्यक्रम होगा। इसके बाद पाईका नृत्य की प्रस्तुति होगी। इसके उपरांत लोहरदगा जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित प्रस्तुति दी जाएगी। अंत में छउ नृत्य की प्रस्तुति होगी। निर्णायक मण्डली द्वारा चयनित प्रथम तीन स्थानों पर रहनेवाली टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में अवर निबंधक सुभाष दत्ता, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी, समेत संबंधित विद्यालयों के प्राधानाध्यापक/प्रतिनिधि व कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े लोग मौजूद थे।

### सरकार के महिला सशक्तिकरण व उत्थान का प्रयास विफल

# सड़कों पर हड़िया दारू बेच रहीं महिलाएं



**शकील अहमद। कैरो**
प्रखंड क्षेत्र में खुलेआम शराब की बिक्री होना आम बात बन हो गई है। दशकों से देखा जा रहा है कि क्षेत्र के साप्ताहिक हाट में सरेआम शराब परोसी जा रही है। प्रखंड मुख्यालय में लगने वाली साप्ताहिक हाट में नहर पर बैठकर दर्जनों महिलाएं महुआ शराब बेचते हुए दिख जाएगी।

थाना क्षेत्र के नागजुआ गांव में लगने वाली बाजार में भी काफी संख्या में महिलाएं शराब बेचते दिख जाएंगे। हालांकि सरकार द्वारा समय-समय पर किए जाते हैं। राज्य में महिलाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा फूलो झानो आशीर्वाद योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा हड़िया दारू के निर्माण या बिक्री से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक रोजगार प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाना है। गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग परिवार की महिलाएं जो अपने परिवार का गुजारा करने के लिए हड़िया दारू के निर्माण या बिक्री से जुडी हुई है। ऐसी महिलाओं को एक बेहतर रोजगार देने के लिए मुख्य धारा से जोडने का कार्य इस योजना के माध्यम से किया जाना है, जिसके लिए ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें एक सम्मानजनक रोजगार प्रदान करेंगे ताकि उन्हें हड़िया दारु जैसे कार्य को करने की आवश्यकता न पड़े, लेकिन कैरो में पिछले कुछ दिनों में लगातार हड़िया दारू बेचने वालों की संख्या बढ़ रही है। प्रखंड मुख्यालय में लगने वाली हाट में एक दो महिला ही हंडिया दारू बेचा करती थी लेकिन पिछले कुछ वर्षों से लगातार हड़िया दारू बेचने वालीं महिलाओं की संख्या बढ़ते जा रही है। अब ऐसे में देखने वाली बात यह है कि एक ओर सरकार जंहा हरसंभव प्रयास कर रही है कि महिलाएं हड़िया दारू बेचना छोड़ रोजगार से जुड़ें, वहीं शायद सरकार का यह प्रयास कैरो प्रखंड के लोगों के लिए काफी नहीं है। पता नहीं कितनी महिलाएं इस योजना से लाभान्वित हुई हैं। कितनी महिलाएं इस योजना का लाभ ले चुकी हैं इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। बाजार हाट में जो महिलाएं हड़िया दारू बेचते दिख रही हैं क्या इनको इस योजना का लाभ मिला है। हालांकि प्रसाशन भी इस मामले में पूरी तरह चुप है।

# खेलो झारखंड : विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिये खिलाड़ियों का किया गया चयन



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
खेलो झारखंड के तहत खिलाड़ियों के बीच विद्यालय स्तरीय खेल चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नंदलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु में खेलो झारखंड के तहत विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बालक बालिकाओं के 17 वर्ष आयु वर्ग व 19 वर्ष आयु वर्ग का दो ग्रुप बनाकर फुटबॉल, वॉलीबॉल, चेस, शतरंज के अलावे 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर, 3000 मीटर तथा भाला फेंक, गोला फेंक सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिता में जिला स्तर पर भाग लेने के लिये चयन प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

वहीं प्रधानाध्यापिका सीमा नैन्सी लकड़ा ने बताया कि विद्यालय स्तर पर चयनित छात्र छात्राएं खेलो झारखंड के तहत अपनी रुचि अनुसार विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को प्रमंडल व राज्य स्तर पर अपना खेल प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। खेल शिक्षक अनिल उरांव ने कहा कि बच्चे बच्चियों में खेल के प्रति रुचि जगाने के लिये सरकार का यह अनूठा फल है।

मौके पर प्रीति कुमारी साहु, दीपा चौधरी, नशिमा बानो, बेंजामिन मिंज, प्रतिमा रेशमा कुजूर, सुरेश उरांव, ममता कुमारी, कंचन कुमारी सहित सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मकई की फसल में कीड़े लगने के कारण किसान चिंतित



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के हेसवे सहित विभिन्न पंचायत ग्राम में बड़े पैमाने पर मकई की खेती की गयी है। अच्छी फसल देख किसानों में खुशी थी, लेकिन फसल में कीड़े लग जाने के कारण किसान चिंतित हैं। बताया जाता है कि पौधे को पत्ते के माध्यम से ऊर्जा मिलती है, लेकिन कीड़ा लगने के कारण पत्ता पीला हो रहा है और पौधा सूख रहा है। किसान रूस्तम अंसारी एवं संजय उरांव ने पूछने पर बताया गया कि मौसम में बादल होने और धूप नहीं आने के कारण कीड़ा लग गया है, जिसे दवा देकर ठीक किया जा सकता है। साथ ही कहा कि खराब मौसम में दवा का छिड़काव किया जाता है, परंतु पानी नहीं आने पर दवा देने का फायदा होगा। वहीं वर्षा होने से दवा बर्बाद हो जायेगी। इससे मेहनत और आर्थिक नुक्सान होगा। इस संदर्भ में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरजा भगत द्वारा बताया गया कि किसान इमामेक्टिन बेंजोएट और एग्री 82 टू दवा का छिड़काव करें जिससे फसल को नुकसान होने से बचाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने कहा की धान की रोपाई प्रखंड क्षेत्र में 10 से 15 प्रतिशत ही हुआ है और अधिकांश किसान वर्षा की समस्या के कारण परेशान रहे हैं।

# मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव आज विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सूबे के मंत्री सह विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का आगमन बुधवार को होगा। वे लोहरदगा जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके तहत न्यू नगर भवन लोहरदगा में जिला प्रशासन एवं आदिवासी कर्मचारी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं पुराना नगर भवन लोहरदगा में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

इसके बाद पतराटोली लोहरदगा में प्रार्थना सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद झखरा कुंबा लोहरदगा में आदिवासी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के सभी सम्मानित पदाधिकारीगण, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, ओबीसी कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक कांग्रेस, एनएसयूआई एवं प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारीगण, प्रखंड प्रमुख प्रखंड के सभी पंचायत समिति सदस्यगण, प्रखंड के सभी मुखियागण सभी पंचायत अध्यक्षगण एवं बूथ स्तर के सभी कांग्रेसी कार्यकर्तागण को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने दी।

## नगर भवन में विश्व आदिवासी दिवस पर आज होगा भव्य कार्यक्रम



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में विश्व आदिवासी दिवस पर पुराना शुक्र बाजार स्थित नगर भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव होगें। मौके पर जिला के विभिन्न गांव से आदिवासी महिला पुरुष अपने-अपने खोड़हा के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक कर समीक्षा की गई। मौके पर सुखेर भगत ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संचालन के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के विभिन्न प्रकोष्ठ के कार्यकताओं को जिम्मेवारी सौंपी गई है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, कुणाल अभिषेक, शुभम सहदेव, कादीर हुसैन समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

**सम्मान** क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता जीती थी लोहरदगा की टीम ने

# विजेता खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार, लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास और महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। वंदना सभा में 34 वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता भैया की टीम और संरक्षक आचार्य को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने भैया बहनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता का मार्ग है और उन्होंने 34वां क्षेत्रीय वॉलीबॉल टीम के विजेताओं को अखिल भारतीय स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। विजेता टीम में सुजल बाखला, चरणजीत उरांव, पुनीत उरांव, रेहान फजल, रोशन कुमार रवि, हरीश उरांव, निशित उरांव, जितेश उरांव, प्रियांशु उरांव, निखिल भगत, अजीत भगत और संरक्षक आचार्य रितेश कुमार पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, आरती भगत, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक - शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## अल्ताफ अंसारी झारखंड यूथ कांग्रेस के कोआर्डिनेटर बने



**कैरो।** झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस ने कैरो निवासी अल्ताफ अंसारी को झारखंड प्रदेश यूथ कांग्रेस का कोआर्डिनेटर मनोनीत किया गया है। इस मौके पर अल्ताफ अंसारी ने कहा कि मैं पार्टी के लिए समर्पित हूं मैं युवाओं के साथ समन्वय स्थापित कर नए युवाओं को पार्टी में जोड़ने का प्रयास करूंगा पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ चलूंगा एवं पार्टी की और ज्यादा मजबूती के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज को दिल से धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमेशा मुझ पर विश्वास रखा और मुझे जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है।

# शिव मंदिर में हुआ हनुमान चालीसा पाठ और कीर्तन



**नवीन मेल संवाददाता। किस्को**
जिले के किस्को प्रखंड मुख्यालय के बगल पर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। किस्को थाना पुलिस की अगुवाई में आयोजित भजन कृतन कार्यक्रम में कृतन मंडली के रूप में अरविंद कुमार दूबे, देवेंद्र साहु, शंभु पंडा, राजकुमार मुंडा, पूरन प्रजापति, छेदू साहु शामिल थे। इस दौरान पंडित द्वारा विधिवत पूजा कराते हुए हनुमान चालीसा के पाठ के साथ रात्रि में भजन कीर्तन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस दौरान हरिकृतन कार्यक्रम के दौरान मंडली द्वारा प्रस्तुत की गई भजन कृतन से भक्तजनों को रात भर झूमने पर मजबूर कर दिया गया। इधर हरिकृतन कार्यक्रम में मुख्य रूप से किस्को थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह, अजय कुमार, बिपुल पंडा, उमाकांत, रामचंद्र आदि मौजूद थे।

### हिंडनबर्ग के निगेटिव रिपोर्ट से कंपनियों को लगा बड़ा झटका

# अरबपतियों के डूबो दिये 99 अरब डॉलर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नई दिल्ली। अमेरिकी रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग ने इस साल तीन अरबपतियों को झटका देकर मोटी कमाई की है। जानी-मानी कंपनियों के खिलाफ निगेटिव रिपोर्ट जारी कर हिंडनबर्ग शॉर्ट सेलिंग करती है। शॉर्ट सेलिंग कर कंपनी कमाई करती है। इस शॉर्ट सेलिंग से जहां वो अपनी जेब भरती है तो दूसरी ओर कंपनियों को बड़ा झटका लगता है। कंपनी के खिलाफ निगेटिव रिपोर्ट का असर उनके शेयरों पर पड़ता है। इस साल हिंडनबर्ग ने तीन अरबपतियों के खिलाफ अपनी रिपोर्ट जारी की, जिससे इन अरबपतियों को 99 अरब डॉलर का झटका लगा है। हिंडनबर्ग ने इस साल के शुरूआत में ही अडानी समूह के खिलाफ रिपोर्ट जारी की। 24 जनवरी 2023 को गौतम अडानी की कंपनी के खिलाफ शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग ने रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के आने के बाद से अडानी समूह को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा। गौतम अडानी को फोर्ब्स की बिलेनियर लिस्ट में टॉप 5 में थे, गिरकर 34वें नंबर पर पहुंच गए। अडानी समूह के मार्केट कैप को 100 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान हुआ। अडानी की कंपनियों के शेयर धड़ाम होकर निचले स्तर पर पहुंच गए। अडानी के बाद हिंडनबर्ग के निशाने पर ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्सी आए। हिंडनबर्ग ने ट्विटर के पूर्व सीईओ को लेकर विवादित रिपोर्ट जारी की। इसके बाद हिंडनबर्ग के निशाने पर अमेरिकी अरबपति 87 साल के कार्ल इकेन आए। हिंडनबर्ग के खुलासे से कंपनियों को बड़ा नुकसान हुआ। निवेशकों के कंपनियों से पैसा निकालना शुरू

**गौतम अडानी को फोर्ब्स की बिलेनियर लिस्ट में टॉप 5 में थे, गिरकर 34वें नंबर पर पहुंच गए**

**हिंडनबर्ग ने ट्विटर के पूर्व सीईओ को लेकर विवादित रिपोर्ट जारी की जिससे उनका काफी नुकसान पहुंचा**

कर दिया। शेयरों के दाम धड़ाम हो गए। अगर अडानी की बात करें तो अडानी की कंपनियों के शेयर निचले स्तर पर पहुंचने लगे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक शार्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग ने अपने रिपोर्ट और खुलासों से इन कंपनियों को जोर का झटका दिया। इस रिपोर्ट के कारण गौतम अडानी, जैक जोर्सी, उंऱ' कूॅल्ल की 99 अरब डॉलर यानी 81,97,02,18,00,000 की संपत्ति डूब गई। इतना ही नहीं हिंडनबर्ग की निगेटिव रिपोर्ट के कारण इन तीनों अरबपतियों की कंपनियों के 173 अरब डॉलर से अधिक डूब गए। कंपनियों को भारी भरकम नुकसान हुआ। इनकी कंपनियों का मार्केट कैप 173 अरब डॉलर तक गिर गए। हिंडनबर्ग के फाउंडर नाथन एंडरसन ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो ये सब पैंसों के लिए नहीं कर रहे हैं। एंडरसन ने कहा था कि मैं दो कमरे के फ्लैट में किराए पर रहता हूं। उन्होंने कहा कि में लोगों के सामने कंपनियों की असली तस्वीर लाता हूं।

## आकासा एयर को मिली अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर उड़ान भरने की पात्रता

**नई दिल्ली।** दिग्गज निवेशक रहे राकेश झुनझुनवाला की एयरलाइंस कंपनी अकासा एयर जल्द ही इंटरनेशनल उड़ानें शुरू कर सकती है। कंपनी ने घरेलू मार्केट में हर हफ्ते में 900 से अधिक फ्लाइट्स का संचालन किया है और एक साल में कुल 43 लाख यात्रियों को अपने डेस्टिनेशन तक पहुंचाया है। इस रिकॉर्ड के साथ ही एयरलाइंस अपने लॉन्च के एक साल के अंदर ही 20 विमानों के साथ ही इंटरनेशनल ऑपरेशन के लिए योग्य बन गई है। गौरतलब है कि अकासा एयरलाइंस की शुरूआत 7 अगस्त 2022 को हुई थी। 2 अगस्त 2023 को कंपनी ने अपने बेड़े में 20वां विमान जोड़ लिया था। कंपनी ने पहली बार फ्लाइट का ऑपरेशन 7 अगस्त, 2022 को मुंबई से अहमदाबाद के बीच शुरू हुआ था। अकासा एयरलाइंस के एक साल पूरे होने के मौके पर कंपनी ने कहा है कि उसने केवल एक साल के भीतर ही घरेलू बाजार की 4.9 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल कर ली है।

# मल्टीबैगर कंपनी ने किया निवेशकों को मालामाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जुपिटर वैगन्स लिमिटेड ने पिछले एक वर्ष में अपने शेयरधारकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इस अवधि के दौरान कंपनी के शेयर की कीमत 08 अगस्त, 2022 के 58.75 रुपये से बढ़कर 08 अगस्त, 2023 को 232.95 रुपये हो गई। यह एक साल की अवधि में लगभग 270% का रिटर्न है। ऐसे में एक साल पहले इस कंपनी के शेयरों में 1 लाख रुपये का निवेश आज 2.70 लाख रुपये हो गया होता। क्यूआईएफवाई 24 में समेकित आधार पर कंपनी का शुद्ध राजस्व 154.97% वाईओवाई बढ़कर 295.40 करोड़ रुपये से 753.19 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, क्यूआईएफवाई 24 में मुनाफा 378.2% वाईओवाई बढ़कर 63.06 करोड़ रुपये हो गया। साल 2006 में निगमित




जुपिटर वैगन लिमिटेड, कोलकाता स्थित जुपिटर समूह का एक हिस्सा था और भारतीय रेलवे वैगन निर्माण उद्योग में एक प्रमुख प्लेयर था। जेडब्ल्यूएल के पास सालाना 4,200 वैगनों के निर्माण करने की क्षमता थी और यह एक विशिष्ट वैगन के विभिन्न घटकों जैसे कपलर, बोगी, ड्राफ्ट गियर, सीआरएफ सेक्शन आदि के निर्माण के लिए एक फाउंड्री शॉप के साथ एकीकृत है। आज यह स्टॉक अपर सर्किट के साथ 232.95 रुपये पर खुला। इस शेयर का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर 234.75 रुपये और 52 सप्ताह का निचला स्तर 57.15 रुपये है।

### आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में होम लोन के ब्याज में हो सकती है बढ़त्तोरी

# रेपो रेट पर फैसला आठ अगस्त को होने की उम्मीद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोन लेने वालों की टेंशन बढ़ गई है। कारण है आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू हो गई है। इसके बाद आरबीआई गवर्नर 10 अगस्त को रेपो रेट पर अपना फैसला सुनाएंगे। आरबीआई रेपो रेट को यथावत रखता है, तो लोन ग्राहकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन अगर आरबीआई ने ब्याज दर बढ़ाई तो होम लोन, पर्सनल लोन और ऑटो लोन सहित कई तरह के कर्ज पर बैंक ब्याज दरों को बढ़ा सकते हैं। रेपो रेट को लेकर चिंता इसलिए है, क्योंकि अमेरिका से अच्छी खबर नहीं आ रही है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों का कहना है कि अभी अमेरिकी अर्थव्यवस्था को ब्याज दरों में कई बार इजाफे की जरूरत है। यूएस फेड के गवर्नर मिशेल बोमन ने चेताया है कि



महंगाई को हेल्दी लेवल्स पर वापस लाने के लिए कई रेट हाईक्स की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने विगत सोमवार को एक इवेंट में कहा, 'हम पिछले साल से महंगाई को घटाने के प्रयास कर रहे हैं। लेकिन महंगाई अभी भी फेड के 2 फीसदी के टार्गेट से काफी अधिक है। भारत की बात करें, तो यहां भी बीते कुछ समय से सब्जियों की महंगाई काफी चर्चा में रही है। टमाटर के दाम 250 रुपये किलो तक पहुंच गए थे। मामला इतना बढ़ गया कि सरकार को रियायती दरों पर टमाटर बेचने पड़े। चावल की कीमती ऊपर गई तो सरकार को चावल की कुछ किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना पड़ा। ऐसे में आरबीआई के सामने बढ़ती फूड प्राइसेस से निपटना एक चुनौती होगा। हालांकि, 75 अर्थशास्त्रियों के 13 से 31 जुलाई के बीच हुए रॉयटर्स के एक पोल के अनुसार आरबीआई अपनी रेपो रेट को 6.50 फीसदी पर बरकरार रख सकता है। आरबीआई ने पिछले महीने अपने बुलेटिन में कहा था कि खाने की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के चलते जून में महंगाई बढ़ी है। इससे एमपीसी के इस विचार की पुष्टि हुई है कि महंगाई के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में महंगाई इस साल उम्मीद से अधिक तेज रही है और यह लंबे समय तक बनी हुई है।


## पूर्व मध्य रेल

### ई-निविदा सूचना

गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे (धनबाद मंडल)

**ई–निविदा सं.: SnT-GS-DHN-4R-TEL- 2023-24**

**कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधिः** अमृत भारत स्टेशन योजना के सम्बन्ध में चन्द्रपुरा (CRP), बरकाकाना (BRKA), लातेहार (LTHR), डाल्टनगंज (DTO), गढ़वा रोड (GHD) और गढ़वा टाउन (GHQ) में Integrated यात्री सूचना प्रणाली और यूटिलिटी Shifting का प्रावधान। (8 महीने), **कार्य की लगभग लागत (रु. में):** 5,40,25,682.97, **ब्याने की राशि (रु. में):** ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू, **निविदा बंद होने की तारीख तथा समयः** ई–निविदा बंद होने की तारीख 28.08.2023 को 12:30 बजे तक, **वेबसाइट का विवरणः** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)**
**पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद**

पीआर/00906/डीएचएनजीएस/ईएनजीजी/टी/23–24/28



## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, GARHWA**
Email: esegarhwa@yahoo.in

### Tender Notice

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lac are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 118/PR/ JBVNL/ 23-24 | Sinking of one no. (200/165 mm) HYDT deep boring and S/F/F submersible motor pump for 33/11 KV PSS, Hurdag under electric supply circle, Garhwa. | 339000.00 | 2 MONTHS | 6,800.00 | 885.00 (Including 18% GST) | 31/08/2023 upto 12:00 PM | 31/08/2023 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till the day before the date of submission of tender in working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Dy. General Manager (Technical)
Electric Supply Circle, Garhwa

PR304232 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)23-24*D


# आईएसआई के चंगुल में फंसी अंजू, सीमा हैदर का ले रही बदला

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

अंजू और नसरुल्लाह की असली कहानी अब सबके सामने आ चुकी है। दोनों अपने निकाह के दावों के पाकिस्तान में घूम रहे हैं, लोगों से तोहफे स्वीकार कर रहे हैं और मीडिया को इंटरव्यू दे रहे हैं। बातचीत में पाकिस्तानी रिपोर्टर अंजू को 'फातिमा' कह रहे हैं। हाल ही में पाकिस्तान सरकार ने अंजू का वीजा दो महीने के बढ़ाया था जिसे अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। लेकिन सवाल यह है कि आखिर पाकिस्तान सरकार चार दिन पहले भारत से आई एक लड़की पर इतनी मेहरबान क्यों हो रही है? ऐसे कई कारण हैं जो पूरी स्थिति पर सवाल खड़े कर रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि सीमा हैदर के भारत आने से हुई बेइज्जती का बदला लेने के लिए पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई अंजू को पाकिस्तान में रोकना चाहती है। अंजू



का वीजा 20 अगस्त को खत्म होने वाला था। वह दावा कर रही थी कि कुछ ही दिनों में वह भारत लौट आएगी। लेकिन फिर अंजू का वीजा दो महीने के लिए बढ़ा दिया गया। इसके कुछ समय बाद ही नसरुल्लाह ने दावा किया कि अंजू का वीजा अब एक साल के लिए बढ़ गया है। भारत के किसी भी नागरिक के लिए पाकिस्तान का वीजा हासिल करना और इतनी जल्दी उसकी अवधि बढ़वाना बहुत मुश्किल काम है। लेकिन अंजू के मामले में यह प्रक्रिया इतनी तेज हुई कि सवाल खड़े हो रहे हैं। अंजू को लेकर अब सारे बयान नसरुल्लाह की तरफ से सामने आ रहे हैं। पाकिस्तान की मीडिया से अंजू के बजाय नसरुल्लाह बात कर रहा है। भारत में अंजू के पति अरविंद का दावा है कि पाकिस्तान में अंजू को रोककर रखा गया है। अरविंद ने और भी कई चौंकाने वाले दावे किए हैं। उसका कहना है कि अंजू कुछ बताना चाहती है लेकिन वहां लोगों के डर से वह खुलकर बात नहीं कर पा रही है।


## कार्यालयः जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार
## समाहरणालय परिसर लातेहार

### आवश्यक सूचना

लातेहार जिला अन्तर्गत प्रारंभिक विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के प्रोन्नति हेतु संकायवार औपबंधिक वरीयता सूची– 02 (ग्रेड–4) का प्रकाशन जिले के सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार कार्यालय एवं **Latehar.nic.in** पर शिक्षकों के अवलोकन हेतु अपलोड करा दी गई है। जिले के सभी संबंधित शिक्षक जिला के वेबसाईट एवं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध सूची का अवलोकन करते हुए संतुष्ट हो लेंगे कि आपके नाम के सामने अंकित सभी प्रवृष्टि सही एवं सत्य है। अंकित प्रवृष्टि में यदि किसी तरह के सुधार की आवश्यकता हो तो अपनी आपति आवेदन में स्पष्ट अंकित करते हुए साक्ष्य सहित नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से जिला कार्यालय अथवा ई0मेल आई0डी0 **dseltrparmotion2023 @gmail.com** में दिनांक 08/09/ 2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

संकायवार औपबंधिक वरीयता सूची– 02 (ग्रेड–4) में यदि किसी शिक्षक/शिक्षिका का नाम छुट गया हो तो पूर्व में उपलब्ध कराए गए विहित प्रपत्र में सभी प्रवृष्टि अंकित करते हुए अपना फोल्डर नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध करायेंगे।

ह0/–
जिला शिक्षा अधीक्षक, लातेहार।

PR.NO.304210 Human Resource Developement(23-24):D


### अमेजन के जंगलों पर एलियंस ने किया हमला, बच्ची घायल

# स्थानीय लोगों में मचा हड़कंप



**एजेंसी। लीमा**

अमेजन जंगल में पुलिस अजीबोगरीब दावों की जांच कर रही है। कहा जा रहा है कि एक गांव को 'प्रीडेटर' जैसे प्राणियों से खतरा है। जंगलों में रहने वाले स्थानीय लोगों ने पेरू में बड़े सिर और पीली आंखों वाले 7 फीट लंबे एलियंस देखे जाने की सूचना दी है। ये दावे लीमा के उत्तर-पूर्व में आल्टो नाने के ग्रामीण जिले में इकितु स्वदेशी लोगों के सदस्यों की ओर से किए गए हैं। उनका दावा है कि 15 साल की एक लड़की पर एक 'मॉन्स्टर' ने हमला कर दिया और उसकी गर्दन काट दी। रिपोर्ट के अनुसार, शिकारियों ने कथित तौर पर अपनी बंदूकों से इन 'प्राणियों' पर गोलीबारी की लेकिन कहा जा रहा है कि उन पर मानव हथियारों का कोई असर नहीं होता है। कथित तौर पर प्राणी अपनी इच्छा से गायब भी हो सकते हैं। अलग-अलग थ्योरीज में इन्हें एलियंस से लेकर 'लोककथाओं के जीव' कहा जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि अवैध खननकर्ता स्थानीय लोगों को डराने के लिए पोशाक और मुखौटे से ढके ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुछ लोगों ने कहा कि यह सब देखा जाना 'मास हिस्टीरिया' का मामला हो सकता है। पुलिस और नौसेना अब दावों की जांच कर रहे हैं। स्थानीय लोग इस क्षेत्र में एक सैन्य बल तैनात करने की मांग कर रहे हैं, जो इक्विटोस शहर से 10 घंटे की नदी की दूरी पर है। समुदाय के नेताओं ने कहा है कि ये 'अजीबोगरीब प्राणी' 11 जुलाई से उन्हें डरा रहे हैं। कुछ ग्रामीणों ने एलियंस को लोककथाओं का जीव, पेलाकारस जैसा बताया। एक किशोरी पर हमले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एक स्पीडबोट से क्षेत्र का दौरा किया है। तस्वीरों में युवा लड़की की गर्दन खून से लथपथ नजर आ रही है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह चोट कैसे लगी। एक अन्य व्यक्ति के सिर पर 'एलियंस' के हमले की सूचना है। समुदाय के नेता जाइरो रेतेगुई एविला ने कहा कि उनका मानना है कि 'प्राणी' बाहरी अंतरिक्ष से आए हैं। ग्रामीण घुसपैठियों को पकड़ने के लिए बंदूकों के साथ गश्त लगा रहे हैं।


## OOFFICE OF THE MEDININAGAR MUNICIPAL CORPORATION
e-mail :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

### Short Tender Notice (3rd Call)

**Tender notice No:-UDHD/MMC/AMRUT2/8/2023-24**
**DATED: 08/08/2023**

| Sl No. | Event Description | Date |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Construction & Rejuvenation of Kacharwa Dam (Water Bodies) in ward no. 05, Medininagar Municipal Corporation. |
| 2 | Estimated Cost | Rs. 9,66,85,295/- |
| 3 | Bid Security | Rs. 9,67,000/- |
| 4 | Cost of Document | Rs. 25,000/- |
| 5 | Completion of Work | 18 Months |
| 6 | Date Of Publication Of Tender On Website | 10/08/2023 AT 10:00 A M |
| 7 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//: Jharkhandtenders.gov.In |
| 8 | Date Start Of Submission Of Bids | 10/08/2023 AT 10:00 A M |
| 9 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 21/08/2023 AT 02:00 PM |
| 10 | Pre bid Meeting Date | 16/08/2023 AT 12:00 PM |
| 11 | Date Of Bid Opening | 22/08/2023 AT 2:00 PM |
| 12 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 22/08/2023 11.00 AM To 1:00 PM |
| 13 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 14 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 15 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 8409756635 |

Note :- Only Online tender is Permissible

Sd/-
Municipal Commissioner
Cum- Administrator
Medininagar Municipal Corporation

PR 304250 (District) 23-24 (D)



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा
## बीर बुद्धू भगत भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

### आम सूचना

माह– अगस्त–2023 में विभिन्न पंचायतों के पंचायत भवनों एवं पशु अस्पतालों में **"दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर"** आयोजन हेतू सूची एवं कार्यक्रम का विवरण तिथिवार :–

| क्र. स. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | कुडू | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, कुडू | डा0 शकुन्तला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू लोहरदगा 9934038731 / 9431361554 |
| 2 | | जिंगी | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | पंचायत भवन, जिंगी | |
| 3 | | कोलसीमरी | 18.08.2023 एवं 19.08.2023 | पंचायत भवन, कोलसीमरी | |
| 4 | | उडूमुडू | 21.08.2023 एवं 22.08.2023 | मेरले आंगबाड़ी केन्द्र | |
| 5 | | लावागाँई | 23.08.2023 एवं 24.08.2023 | पंचायत भवन, लावागाँई | |
| 6 | | जीमा | 25.08.2023 एवं 26.08.2023 | पंचायत भवन, जीमा | |
| 7 | | पण्डरा | 28.08.2023 एवं 29.08.2023 | पंचायत भवन, पण्डरा | |
| 8 | कुडू | चीरी | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | चीरी | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| 9 | | सुन्दरू | 12.08.2023 एवं 14.08.2023 | ओपा | |
| 10 | | सलगी | 28.08.2023 एवं 29.08.2023 | सलगी लालुटोली | |
| 11 | लोहरदगा | भटखिजरी | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | भटखिजरी | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| 12 | | हिरही | 12.08.2023 एवं 13.08.2023 | बराटपुर | |
| 13 | | हेसल | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | कुजरा | |
| 14 | | रामपूर | 18.08.2023 एवं 19.08.2023 | खकपरता | |
| 15 | | जोरी | 21.08.2023 एवं 22.08.2023 | सहेदा | |
| 16 | | जुरिया | 23.08.2023 एवं 24.08.2023 | जुरिया | |
| 17 | | बाघा | 25.08.2023 एवं 26.08.2023 | बाघा | |
| 18 | | तिगरा | 28.08.2023 एवं 29.08.2023 | भुजनिया | |
| 19 | सेन्हा | सेन्हा | 11.08.2023 एवं12.08.2023 | उरांवटोली , सेन्हा | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| 20 | | बदला | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | नवाटोली,बदला | |
| 21 | | चितरी डांडू | 18.08.2023 एवं 19.08.2023 | टंगराटोली ,डांडू | |
| 22 | | झगरा | 22.08.2023 एवं 23.08.2023 | छपरीटोली | |
| 23 | | सेरंगहातू, तोड़ार | 24.08.2023 एवं 25.08.2023 | सिठियो | |
| 24 | | झालजमीरा | 31.08.2023 | बड़काटोली | |
| 25 | सेन्हा | सेरेंगहातू तोरार | 08.08.2023 एवं 09.08.2023 | सिठियो | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993 / 8809426652 |
| 26 | | अलौदी | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | साके | |
| 27 | | भडगाँव | 21.08.2023 एवं 22.08.2023 | कुंदगढरी | |
| 28 | | बुटी | 24.08.2023 एवं 25.08.2023 | बुटी पंचायत भवन | |
| 29 | भण्डरा | बड़गाँई | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, चट्टी | डा0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989 |
| 30 | | भौंरो | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | पंचायत भवन, भौंरो | |
| 31 | | भण्डरा | 18.08.2023 एंव 19.08.2023 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, भण्डरा | |
| 32 | | गडरपो | 22.08.2023 एवं 23.08.2023 | पंचायत भवन, गडरप्पो | |
| 33 | | भीठा | 24.08.2023 एवं 25.08.2023 | पंचायत भवन, भीठा | |
| 34 | भण्डरा | मसमानो | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | पंचायत भवन, मसमानो | डा0 मनोज कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460 |
| 35 | | जमगाई | 16.08.2023 एंव 17.08.2023 | पंचायत भवन, जमगाई | |
| 36 | | अकासी | 23.08.2023 एवं 24.08.2023 | पंचायत भवन, अकासी | |
| 37 | | डदरंगी | 25.08.2023 एवं 26.08.2023 | पंचायत भवन, उदरंगी | |
| 38 | किस्को | खरकी | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | पंचायत भवन, खरकी | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी खरचा, 9430190718 |
| 39 | | पाखर | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | पंचायत भवन, पाखर | |
| 40 | | परहेपाट | 18.08.2023 एवं 19.08.2023 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, किस्को | |
| 41 | | नावाडीह | 22.08.2023 एवं 23.08.2023 | पंचायत भवन, नावाडीह | |
| 42 | | देवदरिया | 24.08.2023 एवं 25.08.2023 | प्रथमवर्गीय पशुचिकित्सालय, खरचा | |
| 43 | | बेटहठ | 31.08.2023 | पंचायत भवन, बेटहठ | |
| 44 | किस्को | बगडू | 11.08.2023 एवं 12.08.2023 | जामुन टोली | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| 45 | | अरेया | 18.08.2023 एवं 19.08.2023 | चरहू | |
| 46 | | हिसरी | 22.08.2023 एवं 23.08.2023 | ऊपर हिसरी | |
| 47 | कैरो | कैरो | 10.08.2023 एवं 11.08.2023 | जामुनटोली | डॉ0 अनिल कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो 8210921284 |
| 48 | | गजनी | 13.08.2023 एवं 14.08.2023 | महुवरी | |
| 49 | | नरौली | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | खासअम्बवा | |
| 50 | | सढ़ाबे | 18.08.2023 एवं 19.08.2023 | खरता | |
| 51 | | गुड़ी | 21.08.2023 एवं 22.08.2023 | नगड़ा | |
| 52 | | हनहट | 24.08.2023 एवं 25.08.2023 | हुदू | |
| 53 | पेशरार | हेसाग | 16.08.2023 एवं 17.08.2023 | नीचे तुरियाडीह | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969 / 9798078205 |
| 54 | | तुईमू | 24.08.2023 एवं 25.08.2023 | तुईमूपाट | |
| 55 | | रोरद | 28.08.2023 एवं 29.08.2023 | जवाखाड़ | |
| 56 | | पेशरार | 31.08.2023 | चन्दलगी | |
| 57 | पेशरार | सिरम | 28.08.2023 एवं 29.08.2023 | पंचायत भवन, सिरम | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा, 9430190718 |

नोटः– लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बीमाररियों से बचाव हेतु टीका/औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा

PR 304225 Lohardaga(23-24)#D

**ज्ञान की बात**

**'प्रार्थना और विश्वास दोनों अदृश्य है पर दोनों में इतना ताकत है जो नामुनकिन को मुमकिन बना देती है।' - अज्ञात**

# स्तनपान व सरकार

**झारखंड** में अधिक प्रसव अब अस्पतालों में या प्रशिक्षित दाई की निगरानी में हो रहे हैं। बावजूद इसके सभी बच्चे जन्म के पहले घंटे में स्तनपान नहीं कर पा रहे। महज 20 फीसदी बच्चों को ही जन्म के तुरंत बाद मां का दूध मिल पाता है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि स्तनपान मां और शिशु के लिए फायदे मंद है। कारण शिशु के लिए मां का दूध है पूर्ण पोषण की रक्षा करता है। लेकिन हाल के दिनों में देखा गया है कि मां अपने बच्चों को अपना दूध नहीं देती हैं। इसके पीछे उनका मानना है कि शरीर की बनावट बिगड़ जायेगी। यह बिल्कुल गलत है। आप अपने बच्चों को जो कुछ भी बाहर का खिलाते या पिलाते हैं, उसकी तुलना में मां का दूध कहीं ज्यादा पोषक तत्व प्रदान करता है। इसलिए मां के दूध को पूर्ण पोषण कहा जाता है। अपने शिशु को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान जरूर करवाना जरूरी होता है। इस बात की पुष्टि डाक्टरों ने भी की है। इससे मां और शिशु दोनों को फायदा होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर हर साल एक सप्ताह तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है। इस दौरान दुनिया को बताया जाता है कि स्तनपान के क्या फायदे होते हैं। लेकिन हाल के दिनों में यह कार्यक्रम नहीं के बराबर हो पाता है। यह बिल्कुल गलत है। खासकर झारखंड में इसकी स्थिति एकदम खराब है। बल्कि कहा जा सकता है कि झारखंड में यह काफी पीछे है। झारखंड ही नहीं, पूरे देश में इस क्षेत्र में कई तरह के सुधार की जरूरत है सुधारों पर हम बाद में बात करेंगे, पहले बात करते हैं बच्चों के स्वास्थ्य और स्तनपान के महत्व के बारे में। हाल के दिनों में झारखंड में विश्व स्तनपान के बारे में जागरूकता बढ़ी है। यह सर्वे के माध्यम से पता चला है। पाश्चत्य संस्कृति की हवा इस मामले में यहां से निकल रही है। माताओं को इस बात की जानकारी हो चुकी है कि जन्म के एक घंटे के भीतर मां का दूध पीने वाले नवजात में संक्रमण (इन्फेक्शन) का खतरा कम रहता है। जल्द स्तनपान से शिशु मृत्यु दर में कमी आती है। स्तनपान की वजह से मां और नवजात की बांडिंग मजबूत होती है और मां लंबे समय तक बच्चे को दूध पिला सकती है। एक बात और समझने की जरूरत है कि मातायें अपने बच्चों को जो कुछ भी बाहर का खिलाते या पिलाते हैं, उसकी तुलना में मां का दूध कहीं ज्यादा पोषक तत्व प्रदान करता है। इसलिए मां के दूध को पूर्ण पोषण कहा जाता है। इन बातों का ध्यान रखना जरूरी है। ऐसा चिकित्सकों का कहना है। मां के दूध में होतीं हैं कई खूबियां स्तनपान नवजात शिशुओं के लिए एक आदर्श आहार है। यह सुरक्षित, स्वच्छ होता है। मां के दूध में कई खूबियां होती हैं, जो बच्चों को प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है। यह बच्चों को कई सामान्य बीमारियों से बचाता है। स्तनपान शिशु को पहले कुछ महीनों के लिए उनकी सभी ऊर्जा और पोषक तत्व प्रदान करता है, और पहले साल की दूसरी छमाही में मां के दूध से शिशु के पोषण के लिए जरूरी एक-तिहाई तक पोषक तत्व प्रदान करता है। ऐसे में केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारें भी स्वास्थ्य नीतियों को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम करें। अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि के साथ-साथ सुरक्षित प्रसूति की भी व्यवस्था करे। इतना ही नहीं, डॉक्टरों के साथ-साथ नर्सों, दाइयों और सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रशिक्षित करना चाहिए, ताकि वे माताओं को स्तनपान कराने के लिए प्रेरित और प्रशिक्षित कर सकें।

**बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के क्षेत्र में दो दशक से भी ज्यादा समय तक काम कर चुकीं बाल रक्षा भारत की पूर्वी और दक्षिणी राज्यों के लिए स्वास्थ्य एवं पोषण पोर्टफोलियो की प्रबंधक देबाश्मिता भौमिक कहतीं हैं कि बच्चे के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सबसे प्रभावी तरीकों में एक है स्तनपान।**

# आदिवासी के अस्तित्व व अस्मिता की रक्षा हो





ललित गर्ग

***अन्तरराष्ट्रीय*** आदिवासी दिवस, विश्व में रहने आदिवासी लोगों के मूलभूत अधिकारों जल, जंगल, जमीन को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और न्यायिक सुरक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 9 अगस्त को मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व में शांति कायम हो की थीम पर यह दिवस मनाया जायेगा। यह दिवस उन उपलब्धियों और योगदानों को भी स्वीकार करता है जो वनवासी लोग पर्यावरण संरक्षण, आजादी, महा आंदोलनों, जैसे विश्व के मुद्दों को बेहतर बनाने के लिए करते हैं। यह पहली बार संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा दिसंबर 1994 में घोषित किया गया था। ग्रह पर कुल मानव आबादी का लगभग 47 करोड़ हिस्सा आदिवासी लोगों का है। इसके अलावा, दुनिया में 100 से अधिक गैर-संपर्क जनजातियाँ हैं। दुनिया में बोली जाने वाली 7000 भाषाओं में से 4000 भाषाएँ आदिवासी लोगों द्वारा बोली जाती हैं। आदिवासी लोग प्रकृति की पूजा करते हैं, प्रकृति में जीते है, जल, जंगल एवं जमीन से जुड़े इन लोगों ने प्रकृति एवं पर्यावरण को संरक्षित कर रखा है। आदिवासी महिलाएं आदिवासी समुदाय की रीढ़ है, वे पारंपरिक पैतृक ज्ञान के संरक्षण और प्रसारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की देखभाल और वैज्ञानिक ज्ञान के रखवाले के रूप में उनकी एक अभिन्न सामूहिक और सामुदायिक भूमिका है। दुनिया भर में रहने वाले 47 करोड़ आदिवासी और जनजाति समुदायों के सामने जंगलों को कटना और उनकी पारंपरिक जमीन की चोरी सबसे बड़ी चुनौती है। वे धरती पर जैव विविधता वाले 80 प्रतिशत इलाके के संरक्षक हैं लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लोभ, हथियारबंद विवाद और पर्यावरण संरक्षण संस्थानों की वजह से बहुत से समुदायों की आजीविका एवं अस्तित्व खतरे में हैं, ग्लोबल वॉर्मिंग का असर हालात को और खराब कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार आदिवासी जनजातियां 90 देशों में फैली हैं, 5,000 अलग अलग संस्कृतियां और 4,000 विभिन्न भाषाएं, इस बहुलता के बावजूद उन्होंने अनेक संघर्ष झेले हैं और आज भी दुनिया में आदिवासी समुदाय खतरे में हैं। भारत सहित दुनिया की आदिवासी महिलाएं हिंसा, यौन शोषण एवं अपराध की शिकार है। मणिपुर में 19 जुलाई, 2023 को दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने एवं पश्चिम बंगाल के मालदा में भीड़ ने दो आदिवासी महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया। आदिवासी महिलाओं के साथ होने वाली ऐसी घटनाएं देश-विदेश के सभ्य समाजों को झकझोर दिया है। इस वर्ष का 'विश्व आदिवासी दिवस' भारत के लिये विशेष महत्वपूर्ण है। क्योंकि भारत की नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू वनवासी समुदाय से जुड़ी होने के साथ-साथ एक महिला है, उन्होंने प्रकृति एवं पर्यावरण के संकटों को करीब से देखा है, यह भारत की विकराल होती समस्या है, जिसका गहराना जीवन को अंधेरा में धकेलना है, अतः वे इस समस्या के दर्द को गहराई से महसूस करती है, तभी उन्होंने कहा कि मेरा तो जन्म उस जनजातीय परंपरा में हुआ है जिसने हजारों वर्षों से प्रकृति के साथ तालमेल बनाकर जीवन को आगे बढ़ाया है। मैंने जंगल और जलाशयों के महत्व को अपने जीवन में महसूस किया है। हम प्रकृति से जरूरी संसाधन लेते हैं और उतनी ही श्रद्धा से प्रकृति की सेवा भी करते हैं। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। भारत भी इसी समृद्धता का देश है, लेकिन इनकी समृद्धता की उपेक्षा के कारण अनेक समस्याएं विकास की बड़ी बाधा बनती जा रही है। संभव है कि द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में प्रकृति एवं पर्यावरण की समस्या के साथ-साथ आदिवासी महिलाओं से जुड़ी समस्याओं का समाधान होगा। आदिवासियों में एक बड़ी समस्या धर्मपरिवर्तन की है। गुजरात के आदिवासी क्षेत्र में सुखी परिवार फाउण्डेशन का संचालन आदिवासी संत गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में वर्ष 2005 से करते हुए हम शिक्षा, सेवा, जनकल्याण की अनेक गतिविधियों को आकार दे रहे हैं, वहां मैंने आदिवासी समस्याओं को बहुत करीब से देखा हैं, उनमें सबसे बड़ी समस्या धर्म परिवर्तन एवं महिलाओं एवं बालिकाओं का लापता होना है। प्रलोभनों एवं साम्प्रदायिक ताकतों के कारण कई आदिवासी अपने धर्म को बदलकर आदिवासी समाज से बाहर हो रहे हैं जिसमें ईसाई धर्म को सर्वाधिक स्वीकार गया है। एशिया में विशेषकर भारत के आदिवासी भी इस मानसिकता की ओर तेजी से बढ़ रहे है, ईसाई मिश्नरियों ने भारत के आदिवासी क्षेत्र छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, अंडमान निकोबार, झारखंड, गुजरात, महाराष्ट्र में धर्मांतरण के लिये विद्यालयों एवं छात्रावासों में सफल अभियान चलाया है। ऐसे में आदिवासी की अपनी संस्कृति एवं उनका अस्तित्व खतरा में आ गया। आदिवासी अर्थात जो प्रारंभ से वनों में रहता आया है। करीब 400 पीढ़ियों पूर्व सभी भारतीय वन में ही रहते थे और वे आदिवासी थे परंतु विकासक्रम के चलते पहले ग्राम बने फिर कस्बे और अंत में नगर, महानगर। यही से विभाजन होना प्रारंभ हुआ। जो वन में रह गये वे वनावासी, जो गांव में रह गए वे ग्रामवासी और जो नगर में चले गये वे नगरवासी कहलाने लगे। भारत में लगभग 25 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इसके अधिकांश हिस्से में आदिवासी समुदाय रहता है। लगभग नब्बे प्रतिशत खनिज सम्पदा, प्रमुख औषधियां एवं मूल्यवान खाद्य पदार्थ इन्हीं आदिवासी क्षेत्रों में हैं। भारत में कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत आदिवासी समाज है। स्वतंत्रता आन्दोलन में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे अनेक महान आदिवासी हुए हैं जिन्होंने भारत की मिट्टी एवं उसके स्वतंत्र अस्तित्व-आजादी के लिए अपना बलिदान एवं महान योगदान दिया। ऐसे महान वीर आदिवासियों से भारत का इतिहास समृद्ध है, जिनमें अप्पा साहब, तात्या टोपे, डा. बी.आर. अम्बेडकर, जयपाल सिंह मुण्डा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गंडाधुरा, शहीद रानी दुगार्वाती, शहीद बीरसा मुंडा, शहीद सिद्धों, कानु, शहीद तिलका मांझी, शहीद गेंद सिंह, झाड़ा सिरहा जैसे महान आदिवासियों ने अपना बलिदान देकर समाज एवं देश के लिये एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। फिर क्या कारण है कि इस जीवंत एवं मुख्य समाज को देश की मूल धारा से काटने के प्रयास निरन्तर किये जा रहे हैं। आजादी के बाद बनी सभी सरकारों ने इस समाज की उपेक्षा की है।

**मणिपुर में 19 जुलाई, 2023 को दो आदिवासी महिलाओं को निर्वस्त्र कर गांव में घुमाने एवं पश्चिम बंगाल के मालदा में भीड़ ने दो आदिवासी महिलाओं की पिटाई की, फिर उन्हें अर्धनग्न कर दिया गया।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा चंद्रगुप्त मौर्य की

***जब*** चंद्रगुप्त की मां को यह सब पता चला तो वह बड़ी दुखी हुई। अब तक तो वह अपने बेटे को देख कर ही संतोष कर लिया करती थी। परंतु वह अब उसकी आंखों से भी ओझल हो रहा था। किसी तरह उस बेचारी ने अपना मन मार लिया और चंद्रगुप्त शिकारी के साथ चला गया। शिकारी भी अच्छा धनवान था। काफी संपत्ति और पशुधन था उसके पास। शिकारी ने उसे पिता का प्यार दिया। जिसके परिणाम स्वरूप वह स्वयं को और भी सुखी तथा निश्चिंत अनुभव करने लगा। शिकारी के साथ रहकर चंद्रगुप्त कई गुण और शस्त्र विद्या सीख गया। कुछ बड़ा होने पर वह भी अपने नये पिता के मवेशी चराने लगा। साथ में दूसरे ग्वालबाल भी होते। ढोर तो इधर-उधर चरते रहते और चंद्रगुप्त अपने साथियों के साथ तरह-तरह के खेल खेला करता। कभी राजा-प्रजा का, कभी चोर-सिपाही का। अच्छे डीलडौल और वय में भी बड़ा होने के कारण इन खेलों में मुख्य पात्र तथा निर्णायक चंद्रगुप्त को ही बनाया जाता था। एक दिन की बात है ग्वालबाल साथियों के साथ वह राजा-प्रजा का खेल खेल रहा था। पास से ही गांव की ओर एक सड़क जाती थी। उस सड़क पर से निकला एक क्षीणकाय दुर्बल ब्राह्मण। बालकों को राजा-प्रजा का खेल खेलते देख कौतूहल वश वह वहीं रुक गया। मनोरंजन की दृष्टि से वह राजा बने चंद्रगुप्त के पास पहुंचा और नाटकीय निवेदन किया-''महाराज, मैं गरीब और अनाथ ब्राह्मण हूं।'' ''हां, हां! बोलो क्या चाहिए''-राजा बने चंद्रगुप्त ने कहा। ''कुछ गायें मिल जाए तो बड़ी मेहरबानी हो''-उस ब्राह्मण ने कहा। ''ले जाओ''-पास चर रही गायों की ओर इशारा करते हुए चंद्रगुप्त ने कहा-''जतनी चाहिए ले जाओ।'' ''इनका मालिक मुझे पकड़ कर मारेगा''-ब्राह्मण ने और भी रस लेते हुए कहा।

(क्रमशः)

# गायब नहीं होती हैं भट्ठी में झोंक दी जाती हैं लड़कियां



योगेश कुमार सोनी

***हाल*** ही में संसद में महिलाओं और बच्चियों के गायब होने का आंकड़ा पेश किया गया। वह काफी चौंकाने वाला है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के इस आंकड़े के अनुसार देश में 2019 और 2021 के बीच 18 साल से अधिक उम्र की 1061648 महिलाएं और उससे कम उम्र की 251430 लड़कियां लापता हो गईं। इस अवधि में गायब होने वाली कुल महिलाओं और लड़कियों का आंकड़ा 13.13 लाख से अधिक है। सबसे अधिक लगभग दो लाख महिलाएं और लड़कियां मध्य प्रदेश से गायब हुईं। पश्चिम बंगाल लगभग 192000 के आंकड़े के साथ दूसरे नंबर पर है। वर्गीकरण किया जाय तो मध्य प्रदेश से 2019 और 2021 के बीच 160180 महिलाएं और 38234 लड़कियां और पश्चिम बंगाल से कुल 156905 महिलाएं और 36606 लड़कियां लापता हुईं। महाराष्ट्र में इस अवधि में 178400 महिलाएं और 13033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा से 70222 महिलाएं और 16649 लड़कियां, छत्तीसगढ़ से 49116 महिलाएं और 10817 लड़कियां गायब हुईं। केंद्रशासित प्रदेशों की बात करें तो राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति काफी खराब है। केंद्रशासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा लड़कियों और महिलाओं के लापता होने की संख्या दिल्ली में दर्ज की गई है। सरकार की नाक के नीचे दिल्ली में भी बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां गायब हो रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 2019 और 2021 के बीच 61054 महिलाएं और 22919 लड़कियां गायब हुईं। इसी अवधि में केंद्रशासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर से 8617 महिलाएं और 1148 लड़कियां लापता हो गईं। महिला सुरक्षा और बेटी बचाने के नारों के बीच यह स्थिति चिंताजनक है। इनको न तो जमीन निगलती है न ही आसमान खा जाता है। हम इसे ऊपरी तौर पर समझने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हो पायेंगे। सच यह है कि देश के कुछ राज्यों से लड़कियों को वेश्यावृति के लिए महानगरों और अन्य दूसरे राज्यों के लिए लाया जाता है। इनमें पश्चिम बंगाल, असम और मध्य प्रदेश के अलावा भी दो-तीन राज्य और हैं। कहानी यह है कि दलाल घरवालों से लड़कियों का काम दिलवाने के नाम पर ले जाते हैं और उन्हें जिंदा गोश्त की मंडी में बेंच देते हैं। आंकड़ों की बात करें तो वेश्यावृत्ति के आरोप में पकड़े जाने वाली अधिकतर लड़कियां बंगाल की मिलती हैं। यह कारोबार अरबों रुपये का है। गरीब, लाचार व मजबूर परिवारों पर दलालों की निगाहें बनी रहती है। जिस घर में कोई कमाने वाला न हो उनको पैसों का लालच दिया जाता है। पिछले दिनों दिल्ली में सेक्स रैकेट में पकड़ी जाने वाली जितनी महिलाएं थीं उन सभी के पति शराबी थे। एक महिला ने खुलासा किया कि उसका पति पूरे दिन शराब पीता है। कोई काम नहीं करता और घर खर्च के नाम पर एक रुपया भी नहीं देता तो ऐसे में वह क्या करे। महिला ने यह भी बताया कि वह पढ़ी-लिखी नहीं है तो उसे कोई काम भी नहीं मिलता। इसके अलावा जो आंकड़े हैं उनमें तमाम लड़कियां लव-जिहाद की शिकार बनीं। वह घर से बिना बताए चली गईं। इस मामले में पहले तो घरवाले गुमशुदगी की एफआईआर करा देते हैं लेकिन कुछ दिनों बाद उनको शादी से संबंधित दस्तावेज कूरियर कर दिया जाता है। अब तीसरे एंगल पर बात करें तो देश के दबंग, गरीबों को अधिक ब्याज पर पैसा देते हैं। जब वह लोग पैसा चुका नहीं पाते तो उनकी घर की बहन-बेटियों को उठा लेते हैं। देश के कई राज्यों में यह दस्तूर है। यह आंकड़े सरकारों की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हैं।

**महाराष्ट्र में इस अवधि में 178400 महिलाएं और 13033 लड़कियां लापता हुई हैं। ओडिशा से 70222 महिलाएं और 16649 लड़कियां, छत्तीसगढ़ से 49116 महिलाएं और 10817 लड़कियां गायब हुईं।**

**महिलाएं**

## फोटो की दुनिया




**फेसबुक वॉल से**




# भागीरथ प्रयास, नगरीय विकास



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***योगी*** सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी नगरों के विकास के लिए भगीरथ प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग की विभिन्न विकास योजनाओं सम्बन्धी प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया है। हाल ही में इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके अलावा उन्होंने उड्डयन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की है। वस्तुतः दोनों विभाग नगरीय क्षेत्र के व्यापक विकास से ही सम्बन्धित हैं। प्रदेश सरकार सभी नगरों के सतत एवं सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत सोलह इन्डीकेटर तय किये गये हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ सभी को इन मानकों पर बेहतर कार्य करने की योगी आदित्यनाथ ने प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा है कि विभिन्न प्रमाणपत्र बनाने की ऑनलाइन प्रक्रिया सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अब तो गरीब कन्याओं की शादी व अन्य मांगलिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों के लिए नगर विकास विभाग द्वारा कल्याण मण्डपम बनवाये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना से इन्हें जोड़ा जा रहा है। इन कल्याण मण्डपम के निर्माण में विधायक निधि का भी उपयोग किया जायेगा। शहरी क्षेत्र के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों में मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जायेगा। शहरी क्षेत्र में ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए कार्यों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाया जायेगा। शहरों में निराश्रित और लावारिस पशुओं का व्यवस्थित पुनर्वास पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश उड्डयन क्षेत्र में नई पहचान बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में छह साल बेमिसाल हैं। अनेक योजनाए प्रगति पर हैं। योगी आदित्यनाथ ने नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समय में योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि दिव्य और भव्य कुम्भ से पूर्व प्रयागराज एयरपोर्ट की क्षमता व नागरिक सुविधाओं में विस्तार किया जाय। प्रदेश में हेलीकॉप्टर की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गोरखपुर एयरपोर्ट का त्रिपक्षीय सर्वे जुलाई में पूर्ण हो चुका है। इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जायेगा। प्रदेश में तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, सत्रह हवाई पट्टियां हैं। आठ हवाई पट्टियां भारतीय वायु सेना के अंतर्गत हैं। जनपद श्रावस्ती, आजमगढ़, चित्रकूट, अलीगढ़ में राज्य सरकार द्वारा कराये जा रहे सिविल कार्य पूर्ण हो चुके हैं। छह साल में प्रदेश में हवाई माध्यम से माल ढुलाई में चार गुना वृद्धि हुई है। एयर ट्रैफिक में करीब दोगुनी वृद्धि हुई। हवाई उड़ानों के साथ-साथ यात्रियों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। नगर विकास के क्रम में मंत्रिमंडल ने अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की योजना दिव्य है। यहां चालीस मेगावॉट की सोलर विद्युत उत्पादन परियोजना स्थापित की जाएगी। सरयू नदी के निकट चिह्नित भूमि पर इस सौर ऊर्जा परियोजना की स्थापना हेतु एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लि. को नामित किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना की स्थापना हो जाने से प्रतिवर्ष सस्ती दर पर सत्तर मिलियन यूनिट से अधिक हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा, जिसे अयोध्या की मांग की पूर्ति के लिए ग्रिड में फीड किया जायेगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा परियोजनाओं/जैव ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता सम्बन्धी प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। निवेशकों को शासकीय भूमि उपलब्ध कराने में सुगमता के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

**आकांक्षी नगर योजना के अंतर्गत सोलह इन्डीकेटर तय किये गये हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ सभी को इन मानकों पर बेहतर कार्य करने की योगी आदित्यनाथ ने प्रेरणा दी है।**

**नगर विकास**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाइट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## बाल-बाल बचे सो रहे परिवार के सदस्य

# ईमली का विशाल पेड़ गिरा दो घर पूरी तरह से हुये ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** परहाटोली पंचायत के ग्राम शाहुपूर में सोमवार की रात को अचानक ईमली का विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से स्व मरकुस कुजूर, पंति मेरीस्तेला एक्का व जाहादत अंसारी का घर पूरी तरह से ध्वस्त हो गया।

इस संबंध में पीड़ित परिवार के सदस्यों ने बताया कि यह ईमली का पेड़ बहुत पुराना था। भारी बारिश के कारण वह जड़ सहित उखड़ कर सटे घर पर ही गिर गया और दोनों घर ध्वस्त हो गया। इस दौरान घर में सो रहे सदस्य इस घटना से बाल-बाल बचे। इन्हें किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचा। बताते चले कि जिन दो परिवारों के पेड़ गिरने से घर ध्वस्त हुये हैं। वह गरीब परिवार से आते हैं। इस घटना के बाद बारिश के मौसमू में दोनों परिवार के सदस्य दूसरे के घरों में शरण लेकर रात गुजारे। पीड़ित परिवार ने प्रशासन व विधायक से मदद की गुहार लगाई है।



## विशाल पीपल का पेड़ धराशायी, चतरा-चौपारण पथ पर आवागमन बाधित

**इटखोरी(चतरा)।** चौपारण-इटखोरी मुख्य मार्ग स्थित भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी के समीप मंगलवार को एक विशाल पीपल का पेड़ धराशाही हो गया। इस घटना से एक वाहन चपेट में आने से बाल-बाल बच गया। वहीं मुख्य पथ पर विशाल पेड़ के गिरने से घंटो आवागमन बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार दल बल के साथ पहुंच कर जेसीबी मशीन के सहयोग से सड़क पर गिरे विशाल पीपल के पेड़ को हटवाया। घंटो मशक्कत के बाद पेड़ को हटवाने के बाद आवागमन प्रारंभ हुआ।



# बिहार जाकर आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)** मयूरहंड थाना कांड संख्या 55/2022 के प्राथमिक फरार अभियुक्त हारेराम सिंह पिता विजय कुमार सिंह ग्राम सोनबरसा थाना करगहर जिला रोहतास बिहार स्थित घर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार पुलिस टीम ने चिपकाया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार द्वारा स्थानीय थाना के मदद से फरार आरोपी के घर ग्रामीणो की उपस्थिति में डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया गया। इस दौरान पुलिस ने फरार आरोपी को एक सप्ताह के अंदर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने व नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई करने की बात कही। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में बंद प्राथमिक विद्यालय अलकडीहा में पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ केमिकल व शराब बनाने वाले उपकरण बरामद किया था। जिसमें फरार अभियुक्त हरेराम सिंह नामजद आरोपी है। तब से आरोपी फरार चल रहा था। इस अभियान में सहायक पुलिस बब्लू कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## तीन फरार वारंटियों के घर में पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**टंडवा(चतरा)।** पुलिस ने लंबे दिनों से टंडवा थाने क्षेत्र में नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध लातेहार पुलिस के संयुक्त सहयोग से संबंधितों के घरों में आत्मसमर्पण हेतु मंगलवार को नोटिस चिपकाए गए। टंडवा कांड संख्या 31/2017 में धारा 147 148 समेत आर्म्स एक्ट और सीएनटी एक्ट अंतर्गत लातेहार जिला के प्राथमिकी अभियुक्त अमित लोहरा उर्फ अमित जी पिता राधेश्याम लोहरा (माको), रामदेव लोहरा उर्फ काका उर्फ साधु पिता बालमुकुंद लोहार (कोने) और पिंटू लोहरा पिता सरदार लोहरा विंगड़ा घर में पुलिस द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया। सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार ने बताया कि न्यायालय से निर्गत नोटिस के आलोक में तीनों के घरों में इश्तेहार चिपकाकर आत्मसमर्पण करने चेतावनी देते हुए ऐसा नहीं करने पर आगे कुर्की जप्ती की कार्यवाही करने की बात कही गई।

## संक्षिप्त

### प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनेगा स्वतंत्रता दिवस

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समाहरोह धूमधाम से मनाया जाएगा। उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों की बैठक आयोजित की गई। स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य कार्यक्रम हाई स्कूल के खेल स्टेडियम में आयोजित होगा। तय समय के अनुसार थाना परिसर में 9 बजे,अस्पताल परिसर में 9:15,पशुपालन अस्पताल में 9:25, प्रखंड कार्यालय में 9:35, वहीं मुख्य समाहरोह खेल स्टेडियम में 10 बजे झंडोत्तोलन का कार्यक्रम रखा गया। बैठक में चंदवा पुर्वी जिप सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव, प्रखंड बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी,सासंद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, झामुमो प्रखंड सचिव मो इजहार, कॉग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, समाजसेवी राजकुमार साहु, पंसस नीलम देवी, पुअनि नारायण यादव आदि शिक्षक मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बारियातु।** झारखंड प्रतियोगी परीक्षा विधेयक 2023 पारित करने के विरोध में मंगलवार को भाजपाइयों ने भाजपा युवा मंडल अध्यक्ष संदीप केसरी के नेतृत्व में परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया। युवा प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी व लातेहार जिला अध्यक्ष छोटू राजा की उपस्थिति में छात्र छात्राओं को कानून के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह, जिला युवा मोर्चा महामंत्री सूरज साह, बालूमाथ से सुनील पांडे, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, जिला महामंत्री बृजमोहन राम, जिला मंत्री दुलारचंद पासवान, युवा मोर्चा महामंत्री प्रभु नारायण, अभिषेक आदि शामिल थे।

### जरूरतमंदों के बीच धोती-साड़ी का वितरण

**बरवाडीह।** वंदे मातरम निष्काम कर्म योग की साधना की ओर से प्रखंड लात पंचायत ग्राम बरखेता उरांव टोला में नारायण सेवा समिति सतबरवा ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने गांव के खरवार टोला में 100 से अधिक वृद्ध व असहाय लोगों के बीच धोती, साड़ी, वस्त्र आदि सामानों का वितरण किया। समिति कोग्राम पोल पोल निवासी सुरेश प्रसाद गुप्ता वस्त्रालय द्वारा वस्त्र उपलब्ध कराया गया था। मौके पर सुरेंद्र भुइंया, बरखेता के दिनेश उरांव, मनदीप उरांव, सोनू उरांव, नागेंद्र उरांव, मंटू उरांव, सोसंत उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### झामुमो ने मनाया स्व. महतो का शहादत दिवस

**चंदवा।** प्रखंड के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित पथ निर्माण विश्रामागार में मंगलवार को झामुमो कार्यकर्ताओं ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो का 36 वां शहादत दिवस मनाया। इस मौके पर दिवंगत नेता व झारखंड आंदोलन के महान क्रांतिकारी वीर शहीद निर्मल महतो को याद किया गया। इस मौके पर झामुमो नेता शितमोहन मुंडा, झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उरांव, प्रखंड सचिव मो इजहार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेंग, माल्हन मुखिया जतरु कुमार मुंडा, मो सरफराज, रशीद खान, विपिन तिवारी, ब्रह्मदेव प्रजापति, डब्लु प्रजापति, सोनू लाल नाथ शाहदेव, दीपु गंझू,नईम आलम, असगर अली, रतनु गंझू, छोटू कुमार, ईश्वर सिंह मौजूद थे।

### शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाई गई

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत बस स्टैंड स्थित झामुमों प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को झामुमो प्रखंड सचिव शाहिद अहमद अहमद उर्फ भोलू के नेतृत्व में शहीद निर्मल महतो की पुण्यतिथि मनाई गई। झारखंड आंदोलन के महान क्रांतिकारी वीर शहीद निर्मल महतो को याद किया गया। इस मौके पर झामुमो युवा जिला सचिव परवेज आलम, रशिद हजाम, जयंत टोप्पो, मेहंदी हसन, नुरूल होदा, अली असगर, पूर्व अल्पसंख्यक अध्यक्ष सैफ अली, बिक्रम शाह टोप्पो, अरशद अली, सुहेल अख़्तर, राजू कुजूर आदि मौजूद थे।

### फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर रैली निकाली

**बरवाडीह।** प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय परिसर से विद्यालय में पढ़ने वाले छोटे-छोटे बच्चों द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार के नेतृत्व में बच्चे अपने हाथों में नारे लिखे तख्तियां लिए हुए थे। रैली अंबेडकर चौक, थाना परिसर चौक समेत अन्य मार्गो का भ्रमण करते हुए स्कूल परिसर में आकर समाप्त हुयी। इसमें अनिल यादव, मनोज कुमार, प्रमोद गुप्ता आदि छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### फाइलेरिया को लेकर छात्राओं ने किया भ्रमण

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी मेमोरियल विद्यालय की छात्राओं ने स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से फाइलेरिया उनमुल्लन को लेकर शहर का भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर शिक्षक निर्मल सिन्हा, संजीत कुमार, विद्यालय प्रभारी चंचल सिंह, रेखा कुमारी व दिलीप शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 10 अगस्त से 25 अगस्त तक फाइलेरिया उन्मूलन संबंधी कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

### झंडोत्तोलन को लेकर समय का किया निर्धारण

**गिद्धौर(चतरा)।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर कर्मियों के साथ बैठक की। इसमें सीओ जयशंकर पाठक उपस्थित थे। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रखंड में झंडोत्तोलन का समय का निर्धारण किया गया। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में सुबह 9 बजे, सिंगलविंडो में 9.15 बजे, पंचायत भवन गिद्धौर में 9.20 में, थाना परिसर में 9रू30 बजे, पहरा, दुवारी, बारियातु, मंझगांवां, बारिसाखी पंचायत भवन में 9.30 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 09रू45 बजे, प्लस 2 गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में 10 बजे, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 10.15 बजे झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। बैठक में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, रोजगार सेवक निर्मल दांगी, सतेंद्र कुमार, पार्वती देवी, शालिनी भारती आदि उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर की बैठक

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बीडीओ सोमनाथ बकीरा ने जनप्रतिनिधियों एवं प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने कहा कि सभी प्रतिनिधियों के सहयोग से जनकल्याणकारी योजनाओं समेत सभी सरकारी योजनाओं को पारदर्शी के साथ धरातल पर उतारने का कार्य करूंगा। मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान को भी धरातल पर उतारने को लेकर सभी को आवश्यक जानकारी दी गई। साथ हीं पुराने प्रखंड कार्यालय में लगे स्वतंत्रता सेनानी के तस्वीर को नए प्रखंड कार्यालय में अथा शीघ्र स्थापित करने की बात कही। वही झंडोत्तोलन को लेकर समय का निर्धारण करते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में प्रमुख प्रिया कुमारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जागेश्वर यादव, सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

### माल्यार्पण को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**इटखोरी।** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ इटखोरी इकाई के प्रखंड अध्यक्ष राजेश प्रजापति ने मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बकीरा को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि पुराने प्रखंड कार्यालय में अवस्थित स्वतंत्रता सेनानी अमर बोधा कुम्हार के शिलापट्ट पर माल्यार्पण करने के लिए पहला स्थान प्रजापति (कुम्हार) समाज को मिले। पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी के शिलापट्ट पर प्रजापति समाज के लोग ही पहले माल्यार्पण व पुष्प अर्पण करेंगे। वहीं पुराने प्रखंड कार्यालय परिसर में शिलापट्ट को नए प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थापित किया जाएगा।

# सड़क हादसे में एक युवक की हुयी मौत, दूसरा गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत हजारीबाग रोड स्थित कलना मोड़ के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार अविनाश रविदास की मौत घटनास्थल पर हो गयी। वहीं मोहित कुमार रविदास गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों की मदद से इटखोरी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जबकी घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार दोनों युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर बघमुंडी जा रहे थे। इसी बीच अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल एक पेड़ में टकरागई। इसमें अविनाश की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। दूसरी ओर युवक के असमय मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।



# पुलिस ने लाल वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** थाना पुलिस ने लाल वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है, जिसके बारे में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि कई दिनों से फिरार चल रहे लाल वारंटी विकास नायक पिता स्व. जगेश्वर नायक को छापामारी अभियान चलाकर गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार लाल वारंटी विकास नायक बालूमाथ मुख्यालय स्थित झरिया तालाब के पास का रहने वाला है, जिसे पुलिस को लंबे समय से तलाश थी जिसे छापामारी कर विकास को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी अभियान में थाना प्रभारी परेशान प्रसाद के अलावा एएसआई संजय चौधरी शहीत पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

# इंटरसिटी का ठहराव छिपादोहर में शुरू

## ग्रामीणों ने चालक व गार्ड का किया भव्य स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड के छिपादोहार रेलवे स्टेशन में मंगलवार से छिपादोहर रेलवे स्टेशन में सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव शुरू होने पर ट्रेन के चालक एवं गार्ड का ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए हर्ष व्यक्त किया। जानकारी हों कि छिपादोहर में इंटरसिटी समेत अन्य ट्रेनों का ठहराव देने की मांग को लेकर कन्हाई सिंह के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया था। वहीं स्थानीय सांसद सुनील कुमार सिंह ने इसको लेकर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को मांग पत्र सौंपा था। इसी बीच रेलवे बोर्ड द्वारा ग्रामीणों की मांग को देखते हुए मंगलवार से सासाराम-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव निर्धारित किया है। मंगलवार सुबह छिपादोहर में उक्त ट्रेन का ठहराव जैसे ही छिपादोहर में हुआ रेलवे स्टेशन में काफी संख्या में जुटे।



ग्रामीणों व जिला सांसद प्रतिनिधि विनीत मधुकर ने ट्रेन के चालक, सहायक चालक एवं ट्रेन प्रबंधक (गार्ड) का माला पहनाकर व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। ग्रामीणों ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। वहीं वरीय भाजपा नेता भीम आनंद गिरि ने हरी झंडी दिखाकर छिपादोहर से ट्रेन को रवाना किया। मौके पर भीमानंद गिरी, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, राजू प्रसाद, अजय सोनी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, नंदू प्रसाद, मुना गुप्ता, स्टेशन प्रबंधक रामाशीष महतो, छिपादोहर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार रामधनी सिंह समेत काफी संख्या में उत्साहित ग्रामीण रेलवे स्टेशन परिसर में जमा हुए थे।

# अध्यक्ष पद के लिए 4 ने किया नामांकन

## पंदनी-पैक्स गठन के लिए नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड** जिले के मयूरहंड प्रखंड अंतर्गत पंदनी पैक्स में मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के साथ पैक्स गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निवार्ची पदाधिकारी श्याम सुन्दर राम पैक्स सहकारिता पदाधिकारी चतरा के समक्ष अध्यक्ष पद के लिए चार और कार्यकारिणी सदस्य के लिए आठ सदस्यों ने नामांकन-पत्र दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए बोधी सिंह, नवलकिशोर सिंह, मुन्ना सिंह एवं मुकेश कुमार सिंह और कार्यकारिणी सदस्य के लिए विकास कुमार सिंह, संध्या देवी, कुशुम देवी, मंगलेश कुमार सिंह, विनोद कुमार साव, ओम प्रकाश राम, नन्द किशोर सिंह एवं नेहा कुमारी ने नामांकन-पत्र दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात निवार्ची पदाधिकारी द्वारा सभी नामांकन पत्रों



की जांच की गई, जिसमें सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। 16 अगस्त को नाम वापसी के पश्चात सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित की जाएगी। 26 अगस्त को मतदान के बाद चुनाव परिणाम घोषित कर निर्वाचित प्रत्याशियों को सर्टिफिकेट प्रदान कर दिया जाएगा।

वहीं जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी व सहायक निबंधक सहयोग समितियां चतरा ईएन होरो ने पंदनी पैक्स सदस्य मालेश्वर सिंह द्वारा की गई शिकायत पर जांच करने पंदनी पैक्स पहुंचे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का अवलोकन व जांच कर रिपोर्ट वरीय पदाधिकारी को समर्पित की जायेगी। ज्ञात हो सदस्य मालेश्वर सिंह द्वारा आरोप लगाया गया था कि बर्खास्त पैक्स अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह द्वारा नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया और नाम में हेराफेरी कर अवैध रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन कराया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव संपन्न होने के पश्चात आपत्ति एक महीने के अंदर की जा सकती है, जिसकी सुनवाई की जायेगी और इससे असंतुष्ट होने की स्थिति में संयुक्त सचिव के न्यायालय में सुनवाई के लिए वाद दायर किया जा सकता है।

# फाइलेरियारोधी दवा 10 से 25 तक खिलायी जायेगी

**लातेहार।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए डॉ अशोक कुमार सिविल सर्जन की अध्यक्षता में मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन लातेहार ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन लक्ष्य की प्राप्ति हेतु लातेहार जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों के जन समुदाय (1 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) को डीईसी, एलबेंडाजॉल एवं आइभरमेक्टिन की एक खुराक 10 अगस्त से 25 अगस्त तक खिलाई जायेगी। उक्त दवा खिलाने के लिए जिले में 1093 बूथ बनाये गये हैं। मौके पर जिला मलेरिया पदाधिकारी, डॉ शंभुनाथ चौधरी, सुनील सिंह आदि मौजूद थे।

# बारिश में मजदूर के घर की छत गिरी, सामान नष्ट

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु** थाना क्षेत्र के साल्वे पंचायत अंतर्गत बारिखाप ग्राम निवासी रामा भुईयां का घर लगातार तेज बारिश के कारण सोमवार की सुबह अचानक घर की छत भरभरा कर गिर गयी। छत के मलबे में सामान दबकर नष्ट हो गया। इससे पीड़ित को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि परिजन उस समय मकान के मुख्य दरवाजा पर थे। वरना कोई बड़ी घटना हो सकती थी। पीड़ित की पत्नी बसंती देवी ने बताया कि हम गरीब हैं। पति मजदूरी करने के लिए बाहर गए हुए हैं। आचानक घर की छत गिर जाने से हमलोगों को इस बरसात के मौसम में सर छुपाने के लिए कोई जगह नहीं है। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से आवास सहित क्षति की भरपायी की मांग की है। वहीं सूचना पाकर मुखिया राजीव भगत पीड़ित के घर पहुंच कर जायजा लिया और सरकार से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिया।



## विचार | आदिवासियत ही आधुनिकता के दुष्परिणाम से बचा जा सकता है : डॉ. जोस

# 'आदिवासियत को सम्मान व संरक्षण की जरूरत'

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर संत जेवियर्स महाविद्यालय में आदिवासी महोत्सव का अयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ प्राचार्य फादर डॉ एम के जोस, डॉ राजिप तिर्की और सदस्यों ने किया। अलका किंडो ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया।

इस मौके पर प्राचार्य ने संबोधित करते हुए कहा की आदिवासी परंपरा और दर्शन हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का पाठ सिखाता है। उन्होंने दुःख जाहिर करते हुए कहा कि वर्तमान समय में आदिवासियत पर हमला जारी है। जल, जंगल और जमीन आदिवासी जीवन का आधार है, लेकिन उनका स्वामित्व छिन चुका है। हम सभी आपसी एकता और सहयोग से ही आदिवासी अस्मिता, पहचान, भाषा, संस्कृति और धर्म, परंपरा को बचा सकते हैं। वहीं छात्र पेट्रूस आईंद ने कहा कि आदिवासियत को सम्मान और संरक्षण की आवश्यकता है। इस मौके पर महाविद्यालय परिसर पूरी तरह से आदिवासी गीत और नृत्य से झूम उठा। दर्जनों जनजातियों के मनमोहक नृत्य शैली देखने को मिली। नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में डॉ. प्यारी कुजूर, डॉ. राजिप तिर्की और नीतू मिंज शामिल थे। नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ट्विंकल एंड ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से आलोक दीप एंड अनुराधा ग्रुप, तृतीय पुरस्कार अभिता एंड ग्रुप को प्रदान किया गया। इस महोत्सव का अयोजन ऑल इंडिया कैथोलिक यूनिवर्सिटी फेडरेशन के बैनर तले किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन और संचालन के लिए जयवंत कुजूर ने प्राचार्य, शिक्षकों, कर्मचारियो और विद्यार्थियों का हृदय से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति तिर्की और मनजीत कुजूर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिस्टर कैसलिन जुलियट, अभय सुकुट डुंगडुंग, रीमा रेणु, अमृत मिंज, रोज एलिस, दिव्या शोभा, सुबोध मिंज, रश्मी सुमन टोप्पो, सेफाली प्रकाश, अस्मिता तिग्गा आदि उपस्थित थे।



# लातेहार जिले में 50 आंगनबाड़ी बनेंगे मॉडल

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग एवं यूनिसेफ की संयुक्त पहल से स्वच्छता को लेकर उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रेनू रवि एवं यूनिसेफ की स्टेट कंसलटेंट गौरव वर्मा ने किया। इस मौके पर रेनू रवि ने कहा कि जिले में 972 आंगनबाड़ी केंद्रों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। यूनिसेफ की सहयोगी टीम वर्ल्ड विजन इंडिया के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वच्छता के मानकों पर काम किया जा रहा है। इसके तहत जिले के प्रखंडों के 50 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए लोस से पारित विधेयक राज्य सभा में पेश

## भारत के सैन्य सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर : रक्षा मंत्री




**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा से पारित होने के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को सशस्त्र बलों की मजबूती के लिए राज्यसभा में अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 पेश किया है। इस बिल का उद्देश्य हमारे सैन्य बलों में निहित अनुशासन की महान परंपरा को और मजबूती देना है। उन्होंने सदन को विश्वास दिलाते हुए कहा कि यह बिल भारत के सैन्य सुधारों की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने विधेयक पेश करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए हमारी सेनाओं को सशक्त करना बेहद आवश्यक है। बेहतर तालमेल से ही हमारी सेनाएं वांछित परिणाम हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकती हैं। इसलिए सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल व एकीकृत संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ही इस बिल को लाया गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि लोकसभा में पारित होने के बाद राज्यसभा में पेश किया गया अंतर-सेवा संगठन (कमांड, नियंत्रण और अनुशासन) विधेयक-2023 भी उन्हीं प्रयासों में एक अहम प्रयास है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब भी कोई राष्ट्र प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा होता है तो समय की मांग के अनुसार उसे अपने भीतर बदलाव करने पड़ते हैं। कानूनों के संबंध में भी यही बात पूरी तरह लागू होती है। हमारी सरकार ने देश की प्रगति में बाधा डाल रहे अनेक पुराने कानूनों को खत्म किया और जहां आवश्यकता पड़ने पर नए कानूनों को लागू भी किया है। इस बिल का उद्देश्य हमारे सैन्य बलों में निहित अनुशासन की महान परंपरा को और मजबूती देना है।

## 12 अगस्त को राहुल गांधी का वायनाड दौरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी लोकसभा सचिवालय द्वारा उनकी सदस्यता बहाल किए जाने के बाद पहली बार 12 और 13 अगस्त को अपने संसदीय क्षेत्र केरल के वायनाड के दो दिवसीय दौरे पर होंगे। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने एक ट्वीट में कहा, 12-13 अगस्त को राहुल गांधीजी अपने निर्वाचन क्षेत्र वायनाड में होंगे। वायनाड के लोग इस बात से खुश हैं कि लोकतंत्र की जीत हुई है, उनकी आवाज संसद में लौट आई है। राहुल जी सिर्फ एक सांसद नहीं, बल्कि उनके परिवार के सदस्य हैं। उनकी टिप्पणी लोकसभा सचिवालय द्वारा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष की सदस्यता बहाल किए जाने के एक दिन बाद आई है, सुप्रीम कोर्ट द्वारा 'मोदी उपनाम' टिप्पणी मानहानि मामले में उनकी सजा पर रोक लगाने के तीन दिन बाद। सांसद के रूप में अयोग्य ठहराए जाने के बाद उन्होंने पहली बार 11 अप्रैल को अपनी बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा किया था।

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने किया जेपी नड्डा के खिलाफ मामला खारिज



**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले विजयनगर जिले में एक अभियान के दौरान मतदाताओं को लुभाने के लिए कथित तौर पर दिए गए भाषण पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने मामले में हरपनहल्ली थाना की ओर से दायर मामले को रद्द करने के लिए श्री जेपी नड्डा की याचिका पर यह आदेश दिया। सार्वजनिक भाषण में नड्डा ने दावा किया था कि भाजपा सत्ता में आती है तो डबल इंजन सरकार कर्नाटक में केंद्र सरकार की पहलों में मदद करेगी और यदि भाजपा सत्ता में नहीं आती है तो मतदाता इसकी योजनाओं का लाभ नहीं प्राप्त कर सकेंगे। चुनाव अधिकारी ने इन टिप्पणियों को लेकर हरपनहल्ली थाना में शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के कथित उल्लंघन के लिए मामला दर्ज किया गया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### ज्ञानवापी परिसर को सील करने की मांग याचिका खारिज

**प्रयागराज (यूपी)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार को वाराणसी अदालत के एएसआई सर्वेक्षण आदेश को प्रभावित किए बिना पूरे ज्ञानवापी परिसर को सील करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता के वकील ने कानून के अनुसार उचित मंच पर जाने और जनहित याचिका में दावा की गई राहत के लिए आवेदन दायर करने की प्रार्थना की तो अदालत ने याचिका को वापस लेने दिया और खारिज कर दिया।

### मोनू मानेसर के साथ तस्वीर हुई वायरल

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने एक आरपीएस अधिकारी को भरतपुर में नासिर और जुनैद की हत्या में फरार आरोपी मोनू मानेसर के साथ उसकी तस्वीर वायरल होने के बाद पोस्टिंग ऑर्डर (एपीओ) की प्रतीक्षा में डाल दिया है। अधिकारी विपिन शर्मा को हाल ही में अतिरिक्त डीसीपी के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि आधिकारिक आदेशों में निर्णय के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन हत्या के आरोपी मोनू के साथ अधिकारी की तस्वीर को इसका कारण माना जा रहा है। माना जा रहा है कि यह तस्वीर जुनैद और नासिर की हत्या से पहले की है।

### राहुल गांधी को वापस मिला 12 तुगलक लेन वाला बंगला

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि पूरा भारत उनका घर है। सूत्रों से खबर आई कि लोकसभा सचिवालय उनकी सदस्यता बहाल करने के एक दिन बाद उन्हें अपना आधिकारिक बंगला फिर से आवंटित कर रहा है। दरअसल, पत्रकारों ने राहुल गांधी से 12 तुगलक लेन स्थित उनके बंगले के फिर से आवंटन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मेरा घर पूरा हिंदुस्तान है। हालांकि, बंगले के दोबारा आवंटन की आधिकारिक सूचना अभी नहीं मिली है। लेकिन सूत्रों ने बताया कि 12 तुगलक लेन वाला मकान उन्हें आवंटित कर दिया गया है। बता दें कि सूरत की एक अदालत ने 'मोदी उपनाम' टिप्पणी मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराते हुए दो साल की सजा दी थी। इसके बाद राहुल गांधी को सांसद के रूप में अयोग्य ठहराया गया था।

# राजस्थान में मनचलों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी

## गहलोत सरकार का बड़ा ऐलान



**आरएनएम। नई दिल्ली**

केंद्रीय नेताओं से राय बात करके राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक नया नियम यह बनाया है । यह कि राजस्थान में लड़कियों से छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास करने वालों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। ऐसा करने वालों के चरित्र प्रमाण पर लिखा जाएगा कि ये छेड़छाड़ में शामिल रहा है। यह जानकारी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट करके दी है। गहलोत ने ट्वीट कर बताया कि राज्य सरकार ने फैसला किया है कि बालिकाओं, महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म के प्रयास और दुष्कर्म करने वाले आरोपियों व मनचलों को सरकारी नौकरियों से प्रतिबंधित किया जाएगा। इसके लिए छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का भी पुलिस थानों में हिस्ट्रीशीटरों की तरह रिकॉर्ड रखा जाएगा। राज्य सरकार/ पुलिस की ओर से जारी किए जाने वाले इनके चरित्र प्रमाण पत्र पर यह अंकित किया जाएगा कि ये लोग छेड़छाड़ की घटनाओं में शामिल रहा है। सीएम ने कहा कि ऐसे असामाजिक तत्वों का सामाजिक बहिष्कार करना आवश्यक है।गलहोत ने पिछले दिनों ग्रामीण और शहरी ओलंपिक के उद्घाटन कार्यक्रम में मनचलों का परमानेंट इलाज करने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि मनचले महिलाओं और बच्चियों को परेशान करते हैं। हम इनके नाम आरपीएससी और कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजेंगे और इनका परमानेंट इलाज करेंगे। गहलोत का ये फैसला उनके इसी वादे का एक्शन प्लान हैं। मुख्यमंत्री ने अपने आदेश में साफ कह दिया है कि छेड़छाड़ करने वाले मनचलों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। इसके बाद ये सभी नाम आरपीएससी, कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजे जाएंगे। यदि कोई मनचला सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करता है तो रिकॉर्ड से मिलान के बाद उसका आवेदन रिजेक्ट कर दिया जाएगा।

# जजों को अनिवार्य रूप से संपत्ति की घोषणा करनी चाहिए : पैनल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक संसदीय समिति ने हाल ही में सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के न्यायाधीशों के लिए वार्षिक आधार पर अपनी संपत्ति रिटर्न घोषित करना अनिवार्य बनाने के लिए एक कानून लाने की सिफारिश की है। कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर विभाग से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट 'न्यायिक प्रक्रियाएं और उनके सुधार' में कहा कि एक सामान्य प्रथा के रूप में, सभी संवैधानिक पदाधिकारियों और सरकारी सेवकों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना होगा। सुप्रीम कोर्ट इस हद तक पहुंच गया है कि जनता को सांसद या विधायक के रूप में चुनाव में खड़े लोगों की संपत्ति जानने का अधिकार है। जब ऐसा है, तो यह तर्क गलत है कि न्यायाधीशों को अपनी संपत्ति और देनदारियों का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी की अध्यक्षता वाली स्थायी समिति ने कहा, जो कोई भी सार्वजनिक पद पर है और सरकारी खजाने से वेतन लेता है, उसे अनिवार्य रूप से अपनी संपत्ति का वार्षिक रिटर्न दाखिल करना चाहिए। केंद्र सरकार ने संसदीय पैनल को बताया कि संपत्तियों की नियमित फाइलिंग और उन्हें सार्वजनिक डोमेन में अपलोड करने के लिए तंत्र को संस्थागत बनाने की आवश्यकता है।

# पीएम के प्रमुख सचिव ने जी-20 को लेकर की बैठक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. पी.के. मिश्रा ने मंगलवार को प्रगति मैदान में स्थित भारत मंडपम में भारत की जी-20 अध्यक्षता पर समन्वय समिति की 7वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जरूरी और लॉजिस्टिक पक्षों को ध्यान में रखते हुए शिखर सम्मेलन की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस संबंध में शेरपा (जी-20) सचिव (आर्थिक कार्य विभाग) और सचिव (सूचना एवं प्रसारण) ने प्रस्तुतिकरण दिए। भारतीय अध्यक्षता की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई, जिनमें हरित विकास, सतत विकास लक्ष्यों को तेज करना, मजबूत सतत संतुलन और समावेशी वृद्धि, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, लैंगिग समानता और बहुपक्षीय संस्थानों में सुधारों को गतिशील बनाना शामिल था। शेरपा (जी-20) ने सूचित किया कि कुल 185 बैठकें आयोजित की गई है, जिनमें 13 बैठकें मंत्रिस्तरीय थीं। देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को इसके दायरे में रखा गया था। कुल 12 परिणाम दस्तावेजों के अलावा सहमति के साथ 12 योग्य प्रस्तावों को अपना लिया गया है। सचिव (डीईए) ने बताया कि वित्त मामलों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जिसमें क्रिप्टो संपदा एजेंडा, वित्तीय समावेश, जलवायु वित्त को कार्यशील बनाना तथा सतत विकास लक्ष्यों के लिए वित्त पोषण शामिल हैं। सचिव ने मीडिया के लिए किए जाने वाले बंदोबस्त के बारे में जानकारी दी, जैसे मीडिया सेंटर और मीडिया प्रत्यन की व्यवस्था। अब तक शिखर सम्मेलन के लिए 3200 से अधिक मीडियाकर्मियों ने पंजीकरण कराया है, जिनमें 1800 विदेशी और 1200 से अधिक भारतीय मीडियाकर्मी हैं। उन्होंने सूचित किया कि विदेशी और भारतीय मीडिया, दोनों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जा रही हैं। प्रमुख सचिव ने लॉजिस्टिक और सुरक्षा पक्षों से जुड़े पिछले निर्णयों को लागू करने के विषयों की भी समीक्षा की। दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त (दिल्ली पुलिस) सहित सुरक्षा अधिकारियों ने सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आने वाले गणमान्यों की अगवानी, यातायात प्रबंधन योजना, हवाई अड्डे और सुरक्षा इंतजाम तथा दिल्ली एनसीआर में सौन्दर्यीकरण के कामकाज के बारे में बताया।

**खास बातें** | दुनिया में 10,906 पक्षी प्रजातियों की है समृद्ध विविधता

# पक्षियों की 78 प्रजातियां सिर्फ भारत में




**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय प्राणीविज्ञान सर्वेक्षण (जेडएसआई) के एक अध्ययन में दावा किया गया है कि पक्षियों की 78 प्रजातियां सिर्फ भारत में पाई जाती हैं। जेडएसआई के वैज्ञानिक अमिताव मजूमदार ने बताया कि दुनिया में 10,906 पक्षी प्रजातियों की समृद्ध विविधता है। इनमें से 1,353 का घर भारत है। मजूमदार ने बताया कि इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर(आईयूसीएन) के वर्गीकरण के अनुसार, सिर्फ भारत में पाई जाने वाली पक्षियों की 78 प्रजातियों में से 25 लुप्त होने की कगार पर हैं। मजूमदार ने बताया,पक्षियों की 78 प्रजातियां केवल हमारे देश के भौगोलिक क्षेत्र में पाई जाती हैं। आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर हमने '75 एन्डेमिक बर्ड्स ऑफ इंडिया' पुस्तक में 75 ऐसी ही प्रजातियों पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने बताया कि पक्षियों की 28 प्रजातियां पश्चिमी घाट में, 25 प्रजातियां अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में, चार प्रजातियां पूर्वी हिमालय में और एक एक प्रजाति दक्षिणी दक्कन पठान तथा मध्य भारतीय वनक्षेत्र में पाई जाती है। संकटग्रस्त 25 प्रजातियों में से तीन को गंभीर रूप से लुप्तप्राय, पांच को लुप्तप्राय और 17 को संवेदनशील के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। इसके अलावा 11 प्रजातियां ऐसी हैं जिनका समय रहते संरक्षण न करने पर वह लुप्तप्राय की सूची में आ सकती हैं।




## 'ड्रीम गर्ल 2' का सेट रहा 'हंसी का खजाना' : आयुष्मान खुराना



बहुमुखी एक्टर आयुष्मान खुराना, जो 'ड्रीम गर्ल 2' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने इसे 'हंसी का खजाना' बताया और कहा कि फिल्म के सेट पर कभी भी कोई सुस्त पल नहीं आया। आयुष्मान के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण भूमिका थी, क्योंकि उन्हें लगातार करम और पूजा की दो भूमिकाओं के बीच स्विच करना पड़ता था। साथ यह सुनिश्चित करना था कि पंच और कॉमिक टाइमिंग सही नोट पर हो। फिल्म में अनन्या पांडे, परेश रावल, अन्नू कपूर, राजपाल यादव, विजय राज, असरानी, अभिषेक बनर्जी, मनजोत सिंह और सीमा पाहवा समेत कई कलाकार हैं। आयुष्मान ने कहा, ₹हमारे निर्देशक, राज शांडिल्य, जो कॉमेडी के सबसे प्रतिभाशाली निर्देशकों में से एक हैं, शानदार कलाकारों को एक साथ लाने में कामयाब रहे हैं, और इस कास्टिंग के लिए उन्हें बधाई।

## नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म 'हड्डी' ओटीटी पर होगी रिलीज




अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर नई फिल्म के साथ दर्शकों से रूबरू होंगे। फिल्म में नवाज एक अलग लुक में नजर आएंगे। अब उनकी फिल्म 'हड्डी' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है।नवाजुद्दीन सिद्दीकी की यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। उनकी आने वाली फिल्म जी5 पर रिलीज होगी। डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म 'हड्डी' का नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर को कैप्शन देते हुए उन्होंने ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इसके लिए उत्साहित हूं।

## 'पुष्पा 2' से फहाद फासिल का फर्स्ट लुक



**मुंबई।** मलयालम स्टार फहाद फासिल के जन्मदिन पर उनकी अपकमिंग फिल्म 'पुष्पा : द रूल' के निमार्ताओं ने फिल्म से उनका लुक जारी किया। फिल्म के पहले पार्ट 'पुष्पा : द राइज' में, जो दिसंबर 2021 में रिलीज हुई और एक बड़ी ब्लॉकबस्टर बन गई, फहाद ने एक पुलिसकर्मी भंवर सिंह शेखावत की भूमिका निभाई है, जो फिल्म के दूसरे पार्ट में पुष्पा-पुष्पराज के किरदार से टकराव के लिए तैयार है। पोस्टर में एक्टर को गंजे लुक में सिगरेट पीते हुए दिखाया गया है। उन्होंने लेदर जैकेट और सनग्लासेस पहना हुआ है। पोस्टर ब्लड रेड शेड के मोनोटोन कलर से भरा हुआ है। निमार्ताओं ने फहाद फासिल को शुभकामनाएं देते हुए कैप्शन में लिखा, टीम 'पुष्पा 2 : द रूल' बेहद प्रतिभाशाली फहाद फासिल को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती है। भंवर सिंह शेखावत सर प्रतिशोध के साथ बड़े पर्दे पर वापस आएंगे। फहाद ने 'पुष्पा : द राइज' में अपने प्रदर्शन से दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी। अब इसके सीक्वल के साथ, पुष्पा और भंवर सिंह शेखावत के बीच महा-टकराव देखने को मिलेगा। 'पुष्पाः द राइज' को भारत में महामारी की तीसरी लहर के दौरान बॉक्स-ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए जाना जाता है।

### श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ श्रद्धापूर्वक आयोजित

# भगवान के दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़





**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
श्री श्याम मित्र मंडल रांची के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 62वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ का श्रद्धा के साथ आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज को विभिन्न फूलों की माला से सजाया गया। मंडल के उप मंत्री अनिल नारनौली ने महाबली बजरंगबली की अखंड पावन ज्योति प्रज्ज्वलित करके केसरिया पेड़ा-गुड़ चना व विभिन्न फलों का भोग अर्पित कर झारखंड राज्य को सुखाड़ से बचाने का निवेदन किया। श्री नारनौली ने श्री रामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकों का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रवण ढाढंनिया ने चना प्रसाद की सेवा अर्पित की। पाठ वाचकों मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने साथियों के साथ ढोल डफली झाझं करताल आरगेन के सुर ताल के साथ श्री गणेश वंदना करके श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया व करवाया। इसके बाद श्री सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ किया गया। उपस्थित सभी भक्त जनों ने सामूहिक रूप से पाठ किया। मंगल भवन अमंगल हारी द्रवहु सुदसरथ अजर बिहारी.... से हरमू रोड व श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। बजरंगबली की जय घोष की जा रही थी श्री सुंदरकांड के पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। पाठ समापन के बाद श्री हनुमान चालीसा का संकीर्तन किया गया। महा आरती करके भक्त जनों को सभी प्रकार का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरीया श्रवण ढाढंनीया गौरव अग्रवाल मोनु अनिल नारनोली स्नेह पोद्दार श्यामसुंदर जोशी अंकित सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

#### शनिवार को श्री श्याम भंडारा

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा शनिवार 12 जुलाई को शाम 5:00 बजे से 74वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा रोहित रंजन प्रसाद प्रियतमा रंजन अभिराज यथार्थ राज भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे। शनिवार को ही रात्रि 9:30 बजे से कमला पुरुषोत्तमी एकादशी का आयोजन हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में होगा। अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने भक्तजनों से श्री श्याम भंडारा व एकादशी कीर्तन में भाग लेने का निवेदन किया है।

## सुब्रतो कप के दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग एवं झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के तत्वावधान में आयोजित खेलो झारखण्ड 2023-24 के अंतर्गत प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023-24 के दूसरे दिन दोनों मैदानों में खेले जाने वाले कुल 12 मैचों के परिणामः अंडर 14 बालक वर्ग में एसटीसी देवघर ने पलामू प्रमण्डल को 4-1 से पराजित किया, दक्षिणी छोटानागपूर प्रमण्डल ने उतरी छोटानागपूर प्रमण्डल को 4-1 से पराजित किया, एसटीसी सिमडेगा ने प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर करते हुए एसटीसी गूमला को 2-1 से पराजित कर अगले राउण्ड में प्रवेश किया। अंडर 17 बालक वर्ग में जेएसएसपीएस ने एसटीसी सराइकेला-खरसावां को 3-1 से पराजित कर एवं एसटीसी चाइबासा ने उतरी छोटानागपूर प्रमण्डल को 1-0 से पराजित कर दोनो टीमों ने सेमिफाइनल में प्रवेश किया। अंडर 17 बालक वर्ग के पहले सेमिफाइनल जेएसएसपीएस ने एसटीसी चक्रधरपूर को 4-0 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दूसरे सेमिफाइनल में एसटीसी चाइबासा ने कोल्हान प्रमण्डल को 1-0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।
अंडर 17 बालिका वर्ग में पलामू प्रमण्डल ने दक्षिणि छोटानागपूर प्रमण्डल को 1-0 से पराजित किया, एसटीसी गूमला ने एसटीसी हजारीबाग को 2-0 से पराजित किया, एसटीसी दुमका ने उतरी छोटानागपूर प्रमण्डल को 2-0 से पराजित किया। जेएसएसपीएस एवं युवा शक्ति हुटूप रांची के बीच मैच जारी है। कल दिनांक 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर तीनों वर्ग के फाइनल मैच खेले जायेंगे एवं पुरस्कार वितरण समारोह अपराह्न 3 बजे से होगा।

### दो दिवसीय आदिवासी महोत्सव को लेकर डीसी-



## एसपी ने की अधिकारियों की ब्रीफिंग

रांची। दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव 2023 के सफल संचालन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची कौशल किशोर ने प्रतिनियुक्त पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों की ब्रीफिंग की। जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान सह संग्रहालय में आयोजन स्थल पर ब्रीफिंग के दौरान आला अधिकारियों ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी को उनके कर्तव्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को कहा कि झारखंड आदिवासी महोत्सव राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम है, सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से सदैव तत्पर रहते हुए अपने कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने को कहा।



### राष्ट्रीय थांग-टा चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन, मंत्री मिथलेश ठाकुर बने अध्यक्ष

**रांची।** खेल गांव रांची में 24 से 26 नवंबर तक होने वाली 29वीं राष्ट्रीय सब जूनियर तथा सीनियर थांग-टा चैंपियनशिप के बेहतर आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बाबत मंगलवार को रांची में जल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर के आवास पर झारखंड थांग-टा संघ की एक बैठक संपन्न हुई। इसमें चैंपियनशिप के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति का अध्यक्ष मंत्री मिथलेश ठाकुर को बनाया गया है जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल, धनबाद के उप प्राचार्य रेजा इश्तियाक को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा झारखंड थांग-टा संघ के अध्यक्ष रंजीत केशरी एवं महासचिव मनोज शर्मा को बनाया गया है। मनोज आयोजन समिति के सचिव एवं कोषाध्यक्ष होंगे। गढ़वा विधायक प्रतिनिधि संजय चौधरी, पवन बरनवाल, राजेश कुमार चौधरी आयोजन समिति के संयुक्त सचिव होंगे। सके अलावा विभिन्न जिला थांग-टा संघों के सचिव को आयोजन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इसमें विनित कुमार यादव (रांची), श्रवण साहू (लोहरदगा), सोनामोती कुमारी (पलामू), सुनील कुमार प्रसाद (पूर्वी सिंहभूम), कृष्णा कुमार साव (धनबाद), संजू कुमार (बोकारो)। शंकर राम (कोडरमा), उदय कुमार (हजारीबाग) तथा उदय शंकर भारती (दुमका) शामिल हैं।

### श्री माहेश्वरी महिला समिति का महारुद्राभिषेक 15 को

**रांची।** श्री माहेश्वरी महिला समिति रांची सावन अधिक मास की शिवरात्रि के अवसर पर 15 अगस्त को सामूहिक महारुद्राभिषेक का आयोजन करेगी। माहेश्वरी महिला समिति की मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने मंगलवार को बताया कि सेवा सदन के निकट श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजन किया जाएगा। महारुद्राभिषेक के लिए कोलकाता से गोपालजी व्यास के सान्निध्य में शिव मंत्रोंचारण, भजनों और शिव श्रृंगार के साथ यह अभिषेक संपन्न होगा। 15 अगस्त सुबह 9 बजे से महारुद्राभिषेक की पूजा शुरू होगी। 51 जोड़ों के लिए पार्थिव शिवलिंग के साथ पूर्ण पूजा की तैयारी महिला समिति की ओर से की जा रही है। अभिषेक में शामिल होने के लिए पहले से पंजीकरण करवाना होगा।

### उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

# नये नाम सूची में जोड़ने का निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची द्वारा आज दिनांक-08 अगस्त 2023 को समाहरणालय भवन ब्लॉक-ए स्थित सभाकक्ष प्री रिवाइजन एक्टिवीटी से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड गीता चौबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 58 तमाड़ सह अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, राजेश कुमार साव, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 61 सिल्ली- सह अपर समाहर्त्ता रांची, राजेश कुमार बरवार एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 62 खिजरी सह अपर समाहर्ता (नक्सल) राम वृक्ष महतो, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 63 रांची-सह अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, दीपक कुमार दुबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, 66 मांडर सह-विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, अल्बर्ट बिलुंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, विवेक कुमार सुमन एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रांची, डॉ. प्रभात शंकर एवं संबंधित सभी अधिकारी मौजूद थे। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड, रांची द्वारा निर्गत निदेशों का विस्तार पूर्वक विश्लेषण करते हुए कहा कि चुनाव कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने में तीन महत्वपूर्ण स्तम्भ होते हैं। (1) राजनीतिक दल,(2) भारत निर्वाचन आयोग (मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, एवं (3) आम नागरिक। इन तीनों की भूमिका मतदान में महत्वपूर्ण होती जो मतदान को सफल बनाती हैं।

#### बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करें

उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची ने निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाताओं का सत्यापन का कार्य करें। उन्हें प्रत्येक घर पर दो बार भ्रमण करते हुए बीएलओ स्टीकर चस्पा करना हैं, जिसमें नए मतदाता जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हैं। वे अपना नाम मतदाता सूची मे जोड़ने के निर्देश दिए एवं बीएलओ द्वारा घर-घर मतदाता सूची का सत्यापन सात दिन के अंदर उन्हें प्रत्येक घर जा कर जल्द पूरा करने को कहा गया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची द्वारा नए मतदातों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया। ताकि नए मतदाता अपना बहुमूल्य मतदान कर पाए।

### रांची में रेल सुविधाओं को मिलेगा नया विस्तार

# एनाकुर्लम व अहमदाबाद के लिए जल्द दौड़ेगी जन साधारण एक्सप्रेस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रेल मंत्रालय के द्वारा रांची को बहुत जल्द ही कई सौगातें मिलने वाली हैं। यहां रेल यात्री सुविधाओं का विस्तार होने वाला है। इस निमित्त रांची के सांसद संजय सेठ के द्वारा विगत एक पखवाड़े में संसद सत्र के दौरान लगातार प्रयास का प्रतिफल सामने आया है। लंबे समय से प्रतिक्षित हटिया से कोयंबटूर होते हुए एनार्कुलम के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन और हटिया से अहमदाबाद के लिए जनसाधारण एक्सप्रेस का परिचालन बहुत जल्द आरंभ होगी। यह सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके माध्यम से दक्षिण भारत सहित गुजरात तक की झारखंड के लोगों की यात्रा सुगम और आसान हो सकेगी। इसके अलावे रांची लोहरदगा पैसेंजर ट्रेन में 12 डिब्बों को बढ़ाकर 16 डब्बा करने का मामला भी पूर्ण हो चुका है। कई स्टेशनों पर 12 डब्बों के रुकने तक की लंबाई के ही प्लेटफार्म हैं। ऐसी स्थिति में यह जरूरी है कि प्लेटफार्म को लंबा किया जाए। इस दिशा में काम चल रहा है। प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ते ही पैसेंजर ट्रेन में चार और डब्बे जुड़ जाएंगे। यहां की यात्रियों की यात्रा सुलभ हो सकेगी। इसके अतिरिक्त रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन बहुत जल्द आरंभ हो जाएगा। इसकी भी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सांसद ने नामकुम पुराना थाना (शनि मंदिर के सामने) अंडरपास निर्माण का प्रस्ताव भी रेल मंत्रालय को दिया है। बहुत जल्द ही इसका डीपीआर भी तैयार कर लिया जाएगा। सांसद ने इन सभी बातों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट किया है। सांसद ने कहा कि रांची लोकसभा क्षेत्र रेल यात्री सुविधाओं की दिशा में एक कीर्तिमान स्थापित करेगा।

### गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर को दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी में मंगलवार को विश्व कवि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के प्रयाण दिवस पर बाइशे श्रावण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के सेंटेनरी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में गुरुदेव को रवींद्र संगीत और कविता के माध्यम से श्रद्धांजलि दी गई। अनीमा घोष के निर्देशन में कलाकारों ने संगीतांजलि अर्पित की। अदिति, डॉ पंपा सेन विश्वास, रिंकू बनर्जी, तनुश्री भट्टाचार्य, संगीता दत्ता, वैशाखी, रीमा, झिलिक, संचिता, अशोक विश्वास, मानस, स्नेहाशीष व देवाशीष ने संगीतांजलि में हिस्सा लिया। भाष्य पाठ भास्कर भट्टाचार्य और सुपर्णा चटर्जी ने किया। तबले पर उत्तम घोष व सिंथेसाइजर पर सौरव देव ने संगत की। वहीं, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, देवनाथ गांगुली, मिनती, करबी, गौरी और भारती ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम में क्लब के सह सभापति गौतम भट्टाचार्य, सह सचिव मानस रंजन मुखर्जी सहित अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में बंग समुदाय के लोग मौजूद थे।

**बढ़ावा** श्यामा प्रसद मुखर्जी विवि के प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 छात्र-

# पर्यावरण में संतुलन बनाये रखने की जरुरत : कुलपति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कृषि कार्यो में रासायनिक उर्वरकों, पादप विकास नियामकों, कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग और इनका सामान्य अभ्यास स्वस्थ्य मृदा के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। जिसका मृदा पर्यावरण एवं संपूर्ण खाद्य श्रृंखला पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ा रहा है। मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाये रखने और टिकाऊ उत्पादन के लिए अकार्बनिक उर्वरक के साथ झ साथ जैविक उर्वरक का प्रयोग महत्वपूर्ण होता जा रहा है। मृदा पर्यावरण में संतुलन के लिए जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह ने कृषि संकाय सभागार में आयोजित 15 दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कही। वे 'अधिक फसल उत्पादन के लिए मृदा पर्यावरण में सुधार की रणनीतियां' विषयक इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, रांची के 20 छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। मौके पर डीन एग्रीकल्चर डॉ. डीके शाही ने 15 दिवसीय इंटर्नशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को मृदा पर्यावरण, फसल अवशेष प्रबंधन, कार्बन जमाव एवं ग्रीन हाउस का वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव, आर्सेनिक की समस्या एवं प्रबंधन, फ्लाईएश का पर्यावरण पर प्रभाव, वायु, जल एवं मृदा प्रदुषण, मृदा एवं फसल स्वास्थ्य में रिमोट सेंसिंग का उपयोग, उर्वरकों का पर्यावरण प्रदुषण पर प्रभाव, औद्योगिक प्रदुषण का फसलोत्पादन पर प्रभाव, भारी मेटल का मृदा एवं जल पर विषैला प्रभाव आदि विषयों से अवगत कराया जायेगा। उन्होंने इंटर्नशिप प्रशिक्षण के लिए डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि प्रबंधन का आभार जताया और कहा कि यह विषय पर्यावरण विज्ञान से जुड़े पीजी छात्रों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। मौके पर इंटर्नशिप में शामिल छात्र-छात्राओं ने अपने परिचय से अतिथियों को अवगत कराया। स्वागत भाषण में पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. शशि भूषण कुमार ने बताया कि कृषि संकाय अधीन मृदा विज्ञान विभाग वर्षो से झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों जैसे रांची विश्वविद्यालय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि, केंद्रीय विवि के साथ-साथ दूसरे राज्यों से आए विद्यार्थियों जैसे उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यों के विवि के छात्रों को भी इंटर्नशिप कार्यक्रमों में पहले से सहयोग देता आ रहा है। यह कार्यक्रम 23 अगस्त तक मृदा विज्ञान विभाग में चलेगा। कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के पर्यावरण विज्ञान विषय से जुड़े पीजी छात्र-छात्राओं को मृदा पर्यावरण एवं उसके सुधार की रणनीतियों के सबंध में विशेष जानकारी दी जायेगी।

## पृष्ठ एक के शेष

**आरोपी इंजीनियरों के खिलाफ ...**
कार्रवाई की जा चुकी है। कई के इन्क्रीमेंट, प्रमोशन रोकने से संबंधित प्रस्ताव तैयार कर अंतिम सहमति के लिए विभागीय मंत्री को सूची भेजी जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन को भेजे जाने वाले प्रस्ताव में ऐसे इंजीनियर्स के भी नाम हैं, जिनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराते हुए राशि रिकवरी से संबंधित कार्रवाई की अनुशंसा पहले हो चुकी है।
मरांडी जहां राज्य की जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे उनका दुख दर्द जानेंगे। जनता के बीच हेमंत सोरेन की झूठ की बुनियाद पर बनी सरकार का पोल भी खोलेंगे। बाबूलाल मरांडी का संकल्प राज्य में सभी 14 लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराने का है।
इधर, एनडीए का घटक दल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जहां हल्ला बोल जन पंचायत यात्रा कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस में फिर एक बार प्रदेश स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की तैयारी में लग गयी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और जदयू भी इसी तरह की राजनीतिक यात्रा की तैयारी में लगी है। नेताओं की चुनावी यात्रा से पहले ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कोई 14 में 14 लोकसभा सीट को जीतने का दावा कर रहा है तो कोई महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की बात कर रहा है।
कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि हम लोग लगातार यात्रा करते रहते हैं लेकिन बाबूलाल मरांडी अब चुनावी यात्रा पर निकलने वाले हैं। राकेश सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा निकाले उसका स्वागत है लेकिन राज्य की जनता उनसे उम्मीद कर रही है कि वह देश के बदतर आर्थिक स्थिति, मणिपुर पर पीएम के मौन रहने, बेरोजगारी, महिलाओं पर जुल्म सहित कई मुद्दों पर अपनी बात कहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी अपनी संकल्प यात्रा के दौरान यह भी जनता को बताएंगे कि उन्होंने इससे पहले भाजपा में नहीं जान और कुतुब मीनार से कूद जाने का संकल्प लिया था उस संकल्प से वह पीछे क्यों हट गए।
उन्होंने कहा कि चुनावी यात्रा के सहारे वोटरों को साधने की कवायद कोई नई नहीं है। अंतर सिर्फ इतना आया है कि पहले यात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर होती थीं। चाहे लालकृष्ण आडवाणी की भारत उदय यात्रा हो, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा फिर काफी पहले की गई चंद्रशेखर की यात्रा हो। अब उन यात्राओं का छोटा प्रारूप राज्य में भी दिखता है।

**सूबे में शुरू होगी सियासी...**
मरांडी जहां राज्य की जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे उनका दुख दर्द जानेंगे। जनता के बीच हेमंत सोरेन की झूठ की बुनियाद पर बनी सरकार का पोल भी खोलेंगे। बाबूलाल मरांडी का संकल्प राज्य में सभी 14 लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराने का है। इधर, एनडीए का घटक दल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जहां हल्ला बोल जन पंचायत यात्रा कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस में फिर एक बार प्रदेश स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की तैयारी में लग गयी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और जदयू भी इसी तरह की राजनीतिक यात्रा की तैयारी में लगी है। नेताओं की चुनावी यात्रा से पहले ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कोई 14 में 14 लोकसभा सीट को जीतने का दावा कर रहा है तो कोई महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की बात कर रहा है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि हम लोग लगातार यात्रा करते रहते हैं लेकिन बाबूलाल मरांडी अब चुनावी यात्रा पर निकलने वाले हैं। राकेश सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा निकाले उसका स्वागत है लेकिन राज्य की जनता उनसे उम्मीद कर रही है कि वह देश के बदतर आर्थिक स्थिति, मणिपुर पर पीएम के मौन रहने, बेरोजगारी, महिलाओं पर जुल्म सहित कई मुद्दों पर अपनी बात कहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी अपनी संकल्प यात्रा के दौरान यह भी जनता को बताएंगे कि उन्होंने इससे पहले भाजपा में नहीं जान और कुतुब मीनार से कूद जाने का संकल्प लिया था उस संकल्प से वह पीछे क्यों हट गए। उन्होंने कहा कि चुनावी यात्रा के सहारे वोटरों को साधने की कवायद कोई नई नहीं है। अंतर सिर्फ इतना आया है कि पहले यात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर होती थीं। चाहे लालकृष्ण आडवाणी की भारत उदय यात्रा हो, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा फिर काफी पहले की गई चंद्रशेखर की यात्रा हो। अब उन यात्राओं का छोटा प्रारूप राज्य में भी दिखता है।

**बड़े पैमाने पर हो रही नियुक्तियां...**
सामने क्यों ना आए।
**बड़े पैमाने पर हो रहीं नियुक्तियां :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां हो रही है। जितने पद पिछले 20 वर्षों में नहीं भरे गए उससे कहीं ज्यादा पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हो चुकी है इन तमाम नियुक्तियों में गड़बड़ी नहीं हो परीक्षाओं में पारदर्शिता बनी रहे और जो होनहार है उन्हें नौकरी मिले इसके लिए सरकार ने एक कानून बनाया है । इस कानून के तहत जो भी प्रतियोगिता परीक्षाओं में गड़बड़ी करेगा या क्वेश्चन पेपर लीक करेगा वह जेल में होगा, चाहे वह कोई भी व्यक्ति, अधिकारी- कर्मचारी और संस्थान ही क्यों ना हो। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सविता महतो, विधायक संजीव सरदार, विधायक समीर मोहंती, विधायक मंगल कालिंदी और पूर्व सांसद सुमन महतो समेत कई पूर्व सांसद और पूर्व विधायक भी मौजूद थे।

**पलामू टाइगर रिजर्व के...**
के कारण हिरण इत्यादि जानवरों की शिकार की संभावना बढ़ गई है । जंगल में 20 मीटर की दूरी के बाद की गतिविधियों की जानकारी नहीं मिल पा रही है। बरसात के दिनों में जब जंगल झाड़ बढ़ जाते हैं तो इन झाड़ियों में शिकारियों के छुपने की संभावना भी बढ़ जाती है। साथ ही एक बड़ा हिस्सा जो 60 से 70 प्रतिशत के इलाके कच्ची सड़क होने के कारण बरसात में खराब हो जाती है । जिसे हर साल बरसात गुजरने के बाद मरम्मत कराना पड़ता है। कुमार आशीष ने आम जनों से यह अपील की है कि लोग बरसात के दिनों में नंगे पाव जंगलों में ना जायें। बल्कि जहां तक संभव हो चप्पल या जूते का प्रयोग करें । ताकि सांप,बिच्छू और दूसरे नुकसान पहुंचाने वाले कीटाणु से बचा जा सके।
तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को दोहराते हुए झारखंड के 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आगामी लड़ाई परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है। मायावी शक्तियां भेष बदलकर भ्रष्टाचार पर पर्दा डालना चाहती हैं। इस मंसूबे को नाकाम करते हुए उन्हें कठोर सजा दिलानी है।

**सूबे में शुरू होगी सियासी...**
मरांडी जहां राज्य की जनता की समस्याओं से रूबरू होंगे उनका दुख दर्द जानेंगे। जनता के बीच हेमंत सोरेन की झूठ की बुनियाद पर बनी सरकार का पोल भी खोलेंगे। बाबूलाल मरांडी का संकल्प राज्य में सभी 14 लोकसभा सीट पर भाजपा का परचम लहराने का है। इधर, एनडीए का घटक दल आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जहां हल्ला बोल जन पंचायत यात्रा कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस में फिर एक बार प्रदेश स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा 2.0 की तैयारी में लग गयी है। राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और जदयू भी इसी तरह की राजनीतिक यात्रा की तैयारी में लगी है। नेताओं की चुनावी यात्रा से पहले ही आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। कोई 14 में 14 लोकसभा सीट को जीतने का दावा कर रहा है तो कोई महंगाई, बेरोजगारी, मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष को घेरने की बात कर रहा है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि हम लोग लगातार यात्रा करते रहते हैं लेकिन बाबूलाल मरांडी अब चुनावी यात्रा पर निकलने वाले हैं। राकेश सिन्हा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी संकल्प यात्रा निकाले उसका स्वागत है लेकिन राज्य की जनता उनसे उम्मीद कर रही है कि वह देश के बदतर आर्थिक स्थिति, मणिपुर पर पीएम के मौन रहने, बेरोजगारी, महिलाओं पर जुल्म सहित कई मुद्दों पर अपनी बात कहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि बाबूलाल मरांडी अपनी संकल्प यात्रा के दौरान यह भी जनता को बताएंगे कि उन्होंने इससे पहले भाजपा में नहीं जान और कुतुब मीनार से कूद जाने का संकल्प लिया था उस संकल्प से वह पीछे क्यों हट गए। उन्होंने कहा कि चुनावी यात्रा के सहारे वोटरों को साधने की कवायद कोई नई नहीं है। अंतर सिर्फ इतना आया है कि पहले यात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर होती थीं। चाहे लालकृष्ण आडवाणी की भारत उदय यात्रा हो, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा फिर काफी पहले की गई चंद्रशेखर की यात्रा हो। अब उन यात्राओं का छोटा प्रारूप राज्य में भी दिखता है।

# भारत की 28 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे नीरज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा बुडापेस्ट के हंगरी में 19 अगस्त से होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के 28 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। हैरान करने वाली बात है कि टीम की घोषणा भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की जगह खेल मंत्रालय ने की। एशियाई रिकॉर्ड धारक गोला फेंक खिलाड़ी तेजिंदर पाल सिंह तूर 19 से 27 अगस्त तक होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से हट गए हैं क्योंकि वह ग्रोइन की चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने जुलाई में एशियाई चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। ऊंची कूद में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस्विन शंकर, 800 मीटर की धावक केएम चंदा और 20 किमी पैदल चाल की खिलाड़ी प्रियंका गोस्वामी (राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक) ने भी विश्व चैंपियनशिप में नहीं खेलने का फैसला किया है और इसकी जगह ये चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों पर ध्यान लगाएंगे। गत डाइमंड लीग चैंपियन चोपड़ा की नजरें बुडापेस्ट में स्वर्ण पदक जीतने पर टिकी हैं। उन्होंने अमेरिका के यूजीन में 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था।




### टीम इस प्रकार है

**महिला:** ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज), शैली सिंह (लंबी कूद), अन्नु रानी (भाला फेंक) और भावना जाट (पैदल चाल)।

**पुरुष:** कृष्ण कुमार (800 मीटर), अजय कुमार सरोज (1500 मीटर), संतोष कुमार तमिलरनसन (400 मीटर बाधा दौड़), अविनाश मुकुंद साबले (3000 मीटर स्टीचलचेज), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद), जेस्विन एल्ड्रिन (लंबी कूद), एम श्रीशंकर (लंबी कूद), प्रवीण चित्रावेल (त्रिकूद), अब्दुल्ला अबूबाकर (त्रिकूद), एल्धोज पॉल (त्रिकूद), नीरज चोपड़ा (भाला फेंक), डीपी मनु (भाला फेंक), किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), आकाशदीप सिंह (20 किमी पैदल चाल), विकास सिंह (20 किमी पैदल चाल), परमजीत सिंह (20 किमी पैदल चाल), राम बाबू (35 किमी पैदल चाल), अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल, मोहम्मद अनस, राजेश रमेश, अनिल राजलिंगमऔर मिजो चाको कुरियन (पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले)।

# पीसीबी ने सरफराज की पेंशन बहाल की

**एजेंसी। कराची**

पीसीबी ने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज सरफराज नवाज की पेंशन बहाल कर दी है। पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी के खिलाफ निराधार अपमानजनक बयान देने के बाद जनवरी 2017 से नवाज के सभी भुगतान निलंबित कर दिए गए थे। खिलाड़ी कल्याण नीति के तहत आचार संहिता के उल्लंघन पर पीसीबी के पिछले सेट-अप द्वारा नवाज के खिलाफ शुरू की गई अनुशासनात्मक कार्यवाही के परिणामस्वरूप अनुग्रह भुगतान बंद कर दिया गया था।

नवाज, जो पिछले साल लंदन में स्वास्थ्य खराब होने के बाद ठीक नहीं हैं, ने निलंबित अनुग्रह भुगतान को हल करने के लिए मंगलवार को लाहौर में पीसीबी प्रमुख जका अशरफ से मुलाकात की, जो पीसीबी की क्रिकेट प्रबंधन समिति के प्रमुख भी हैं। उन्होंने पीसीबी को आचार संहिता के अनुपालन का आश्वासन दिया। अशरफ ने क्रिकेट तकनीकी समिति के प्रमुख मिस्बाह उल हक और सदस्य मुहम्मद हफीज की मौजूदगी में बकाया भुगतान के लिए नवाज को एक चेक



सौंपा। नवाज को यह भुगतान पीसीबी की खिलाड़ी कल्याण नीति के तहत किया गया है और पीसीबी प्रमुख ने पूर्व खिलाड़ियों को बिना शर्त समर्थन का आश्वासन दिया है। अशरफ ने कहा कि उन्होंने पूर्व टेस्ट तेज गेंदबाज से मिलने और उनके बारे में सुनने का फैसला किया क्योंकि वह यह जानकर परेशान थे कि एक पूर्व टेस्ट क्रिकेटर की हालत खराब थी और उन्हें उनकी पेंशन से वंचित किया जा रहा था जो उनका अधिकार था। अशरफ ने कहा, यह निराशाजनक है कि पिछले प्रशासन ने व्यक्तिगत हिसाब-किताब चुकाने के लिए पीसीबी के खजाने का इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा, किसी भी क्रिकेटर को उस दौर से नहीं गुजरना चाहिए जो नवाज को झेलना पड़ा, और मैं हर पूर्व और वर्तमान क्रिकेटर, अंतरराष्ट्रीय या घरेलू, को आश्वस्त करना चाहता हूं कि पीसीबी उन्हें अपनी संपत्ति मानता है और उनके जीवन के हर चरण में, हर संभव तरीके से उनकी देखभाल करेगा। वे अपने क्रिकेट बोर्ड द्वारा प्यार और सम्मान के पात्र हैं। बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में नजम सेठी ने नवाज के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए मानहानि का मुकदमा दायर किया था। नवाज ने कुछ महीने पहले बोर्ड से इस मामले को खत्म करने की अपील की थी।

## आर्थर-ब्रैडबर्न को पाक टीम के साथ बनाए रखना चाहते हैं इंजमाम



**लाहौर।** पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य चयनकर्ता इंजमाम उल हक राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से जुड़े विदेशी कोच मिकी आर्थर और ग्रांट ब्रैडबर्न को उनके पदों पर बनाए रखना चाहते हैं और उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से कह दिया है कि उन्हें इन दोनों के साथ काम करने में किसी तरह की परेशानी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के रहने वाले आर्थर को इस साल अप्रैल में टीम का निदेशक नियुक्त किया गया था जबकि ब्रैडबर्न को मई में मुख्य कोच बनाया गया था। अटकलें लगाई जा रही थी कि क्रिकेट तकनीकी समिति इन दोनों के कार्यकाल को सीमित कर सकती है।

## आज भारत-पाक के बीच होगा मुकाबला, भारतीय कप्तान ने दिया बड़ा बयान

# पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा




**एजेंसी। चेन्नई**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह अपनी टीम के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के स्ट्राइक रेट से खुश हैं लेकिन वह एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ बुधवार को होने वाले महत्वपूर्ण मैच में आसानी से पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना चाहते हैं। हरमनप्रीत ने दक्षिण कोरिया के खिलाफ 3-2 से जीत के बाद कहा, यह निश्चित तौर पर बेहद कड़ा मुकाबला होगा। हमें स्मार्ट हॉकी खेलनी होगी तथा अपनी वास्तविक रणनीति और जिम्मेदारियों पर ध्यान केंद्रित करना होगा। हमें अपनी मूल संरचना पर कायम रहना होगा और मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। उन्होंने कहा, इस मैच के लिए स्टेडियम खचाखच भरा रहेगा। रविवार को खेले गए मैच में भी स्टेडियम लगभग भरा हुआ था जो भारतीय हॉकी के लिए अच्छा संकेत है। हरमनप्रीत इस बात से खुश हैं कि टीम ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने और मैदानी गोल करने का रास्ता ढूंढ लिया है लेकिन रक्षा पंक्ति में और अधिक मजबूती की दरकार है विशेषकर टीम को महत्वपूर्ण मौकों पर पेनल्टी कॉर्नर देने से बचना होगा। उन्होंने कहा, हम मैदानी और पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर रहे हैं और पर्याप्त समय तक गेंद पर नियंत्रण भी बना रहे हैं लेकिन हमें अपने रक्षण में अब भी काम करने की जरूरत है तथा हमें आसानी से पेनल्टी कॉर्नर नहीं देने होंगे। हमें सर्किल के अंदर गेंद पर बेहतर तरीके से नियंत्रण बनाना होगा। जहां तक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की बात है तो दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत ने चार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जिनमें से दो पर उसने गोल किए। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने में निरंतरता के अभाव पर हरमनप्रीत ने कहा कि विरोधी टीमों का रक्षण मजबूत है जो कि खेल के लिए अच्छा है। उन्होंने कहा, यह केवल हमारे साथ ही नहीं प्रत्येक टीम के साथ ऐसा हो रहा है। इसका मुख्य कारण यही है कि उनका रक्षण बेहतर हो गया है। अगर आप हमारी रक्षा पंक्ति पर गौर करें तो अमित रोहिदास और हरमनप्रीत सिंह बहुत अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। विरोधी टीमों के साथ भी ऐसा है जो खेल के लिए अच्छा है।

## मलेशिया ने जापान को 3-1 से हराया, नॉकआउट में बनाई जगह

**एजेंसी। चेन्नई।**

मलेशिया ने जापान पर सोमवार को राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में 3-1 की आसान जीत के साथ नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। मलेशिया के लिए नजमी जाजलान (13), हसन अजुआन (37) और सिल्वरियस शेलो (59) ने गोल किए, जबकि निवा ताकुमा (59) ने मैच के अंतिम मिनट में जापान के लिए एकमात्र गोल किया।

छह टीमों की राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में मलेशिया चार मैचों में तीन जीत और एक हार के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर रहा। जापान को लगातार दो ड्रॉ के बाद दूसरी हार का सामना करना पड़ा। पूर्व चैंपियन पाकिस्तान के खिलाफ 3-3 से और मेजबान भारत के



खिलाफ 1-1 से ड्रा पर रहा। उन्होंने प्रतियोगिता की शुरूआत एक अन्य पूर्व चैंपियन कोरिया गणराज्य से 1-2 से हार के साथ की थी।

जापान, जिसके चार मैचों में केवल दो अंक हैं, नॉकआउट चरण में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो गया है।

छह टीमों की लीग में मलेशिया का एक और मैच बाकी है, जिसमें वो आज अपने पांचवें मैच में कोरिया से भिड़ेगा।

# संजय सेन ने इगोर स्टिमक के अनुरोध का समर्थन किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की पुरुष फुटबॉल टीम के क्रोएशियाई मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने सभी स्टेक होल्डर, खासकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने एक खास अपील की है, जिसका समर्थन अब संजय सेन ने भी किया है। इगोर स्टिमक ने क्लबों से खिलाड़ियों को समय पर रिलीज करने का अनुरोध किया है। जिससे ब्लू टाइगर्स के पास, एएफसी एशियाई कप 2023 और 2026 फीफा विश्व कप



क्वालीफायर की तैयारी के लिए ज्यादा समय मिले। संजय सेन ने स्टिमक के प्रस्ताव को सही समय पर सही बातद करार देते हुए उनकी बात पर सबको गौर देने की राय दी है। 2019-20 और 2020-21 में टीम के सहायक कोच बनने से पहले, सेन 2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के तकनीकी निदेशक थे। वर्तमान में, सेन मोहन बागान के युवा विकास के प्रमुख हैं। उन्होंने कहा, देखिए, सवाल यह नहीं है कि क्या यह वैध अनुरोध है। ऐसा लगता है कि स्टिमक ने यह अनुरोध दो दृष्टिकोणों से किया है - पहला, हाल के दिनों में टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन को देखते हुए। हालांकि भारत ने कई उच्च रैंकिंग वाली टीमों को नहीं हराया है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय टीमों की भागीदारी के साथ तीन टूर्नामेंट जीतना भारत की सफलता को दर्शाता है। दूसरी बात, एक नया प्रबंधन सत्ता में आया है। इन सभी फैक्टर को ध्यान में रखते हुए, स्टिमक ने क्लबों से यह अनुरोध किया है।

## पीएसजी ने पुर्तगाल फॉरवर्ड गोंकालो रामोस के साथ किया अनुबंध

**पेरिस।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने पुर्तगाली क्लब बेनफिका के फारवर्ड गोंकालो रामोस को सीजन के अंत तक खरीदने के विकल्प के साथ ऋण पर अनुबंधित किया है। 22 वर्षीय, रामोस जिन्हें सोमवार देर रात पीएसजी द्वारा अनुबंधित किया गया था, ने बेनफिका के लिए 47 मैचों में 27 गोल किए हैं, जहां उन्होंने पिछले सीजन में पुर्तगाली लीग का खिताब जीता था। क्लब द्वारा जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में रामोस ने कहा, मुझे पेरिस सेंट-जर्मेन में शामिल होने पर बहुत गर्व और खुशी है। पीएसजी सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के साथ दुनिया के सबसे बड़े क्लबों में से एक है।







**विश्व विवि खेल** | रिकॉर्ड 26 पदक के साथ किया अभियान का अंत

# भारत का 11 स्वर्ण पदक पर रहा कब्जा

**एजेंसी। चेंगदू**

भारत ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों में मंगलवार को यहां अपने अभियान का अंत अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 26 पदक के साथ किया जिसमें 11 स्वर्ण भी शामिल हैं। भारत 11 स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक के साथ सातवें स्थान पर रहा जो पदक तालिका में उसका सर्वश्रेष्ठ स्थान है। भारत ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों के इस सत्र में पिछले सभी खेलों से अधिक पदक जीते। विश्व विश्वविद्यालय खेल 2023 से पहले भारत ने इन खेलों में सिर्फ 21 पदक (छह स्वर्ण, छह रजत और नौ कांस्य) जीते थे। भारत ने इस बार इन खेलों के लिए 256 खिलाड़ियों का दल भेजा था। सबसे अधिक निराश हालांकि ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने किया। ट्रैक एवं फील्ड में भारत ने अपने सबसे अधिक 82 प्रतिभागियों को उतारा था लेकिन वे सिर्फ चार



कांस्य पदक जीत पाए।

21 सदस्यीय निशानेबाजी टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए आठ स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक जीते जबकि तीरंदाजी में भारत को तीन स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक मिले। एक कांस्य पदक जूडो में मिला। मेजबान चीन 103 स्वर्ण, 40 रजत और 35 कांस्य पदक सहित कुल 178 पदक के साथ शीर्ष पर रहा। जापान ने 21 स्वर्ण, 29 रजत और 43 कांस्य पदक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कोरिया 17 स्वर्ण, 18 रजत और 23 कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

## बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग: सिंधु को दो स्थान का फायदा

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मंगलवार को जारी नवीनतम बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर पहुंच गई हैं लेकिन किदांबी श्रीकांत एक स्थान के नुकसान से 20वें स्थान पर खिसक गए हैं। खराब फॉर्म से जूझ रही सिंधू को पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की बेइवेन झेंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जो बाद में चैंपियन बनीं थी। श्रीकांत को भी सिडनी में अंतिम आठ के मुकाबले में हमवतन प्रियांशु राजावत के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। ऑस्ट्रेलिया ओपन के उप विजेता एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन



क्रमशः नौवें और 11वें स्थान पर बने हुए हैं। पिछले हफ्ते सिडनी में सुपर 500 टूर्नामेंट में पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले राजावत तीन स्थान के फायदे से 28वें पायदान पर पहुंच गए हैं। मिथुन मंजूनाथ और किरण जॉर्ज सात और छह स्थान के फायदे से क्रमशः 43वें और 49वें स्थान पर हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे स्थान के साथ भारतीयों के बीच शीर्ष पर है। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी दो स्थान के नुकसान से 19वें स्थान पर खिसक गई है।

